अंक चार दृश्य एक

जादू मंत्रालय, भव्य मीटिंग रूम

सभी जगहों के जादूगर और जादूगरनियाँ भव्य मीटिंग रूम में खचाखच भरे हैं, इतने सारे जादूगर हमने पहले कभी नहीं देखे हैं। और उनके चेहरे पर चिंता साफ़ झलक रही है। हर्माइनी जल्दी में बनाए गए मंच पर चलकर आती है। वह ख़ामोश रहने के लिए अपना हाथ उठाती है। सब चुप हो जाते हैं; वे उन जवाबों को जानने के लिए व्याकुल हैं जो वह दे सकती है। वह हैरान है कि इसमें इतनी कम कोशिशों की ज़रूरत पड़ी। वह चारों तरफ़ देखती है।

हर्माइनी

धन्यवाद। मुझे ख़ुशी है कि आपमें से इतने सारे लोग मेरी – दूसरी – असाधारण बैठक में आए। मुझे कुछ बातें कहनी हैं – मैं कहना चाहूँगी कि सवालों का सिलसिला मेरी बात पूरी होने के बाद शुरू हो – और बहुत से सवाल होंगे।

जैसा आपमें से कई जानते हैं, हॉगवर्ट्स में एक लाश पाई गई है। उसका नाम क्रेग बाउकर है। वह एक अच्छा लड़का था। हमारे पास कोई पुख़्ता जानकारी नहीं है कि इस कृत्य के लिए कौन ज़िम्मेदार था, लेकिन कल हमने सेंट ओसवाल्ड्स की तलाशी ली। वहाँ एक कमरे में दो चीज़ें मिलीं, पहली, एक भविष्यवाणी जिसमें वादा किया गया था... अंधकार युग की वापसी का – दूसरी, छत पर लिखी एक घोषणा थी – कि शैतानी शहंशाह – कि वोल्डेमॉर्ट को एक संतान थी।

यह ख़बर पूरे कमरे में गूँजती है।

हम पूरे विवरण नहीं जानते। हम अभी केवल जाँच कर रहे हैं... प्राणभक्षियों से पूछताछ की जा रही है... और अब तक कोई रिकॉर्ड नहीं पाया गया है न तो संतान का, न ही भविष्यवाणी का, लेकिन ऐसा लगता है जैसे इसमें कुछ सच्चाई है। संतान को जादूगरों के संसार से छिपाकर रखा गया था, और अब वह लडकी – देखिए अब वह लड़की –

प्रोफेसर मैक्गॉनेगल

लड़की? बेटी? उसकी एक लड़की थी?

हर्माइनी

हाँ। एक लड़की।

प्रोफ़ेसर मैक्गॉनेगल

और क्या अब वह हिरासत में है?

हैरी

प्रोफ़ेसर, उसने कहा था कोई सवाल नहीं।

हर्माइनी

कोई बात नहीं, हैरी। नहीं प्रोफ़ेसर, यहाँ मामला गड़बड़ा जाता है। मुझे डर है कि हमारे पास उसे हिरासत में लेने का कोई साधन नहीं है। या सच कहें, तो उसके किसी भी काम को रोकने का तरीक़ा नहीं है। वह हमारी पहुँच से बाहर है।

प्रोफ़ेसर मैक्गॉनेगल

क्या हम उसकी – खोज नहीं कर सकते?

अंतराल; इसमें साहस की ज़रूरत है।

हर्माइनी

हमारे पास यह विश्वास करने का अच्छा कारण है कि उसने खुद को – समय में छिपा लिया है।

प्रोफ़ेसर मैक्गॉनेगल *(आक्रोश में)*

लापरवाह मूर्खतापूर्ण बातों की इंतहा, तुमने अब भी काल–परिवर्तक को रख रखा है?

हर्माइनी

प्रोफ़ेसर, मैं आपको विश्वास दिलाती हूँ –

प्रोफ़ेसर मैक्गॉनेगल

हर्माइनी ग्रेंजर, तुम्हें शर्म आनी चाहिए!

हर्माइनी *क्रोध के सामने ठिठुक जाती है।*

हैरी

नहीं, वह इसकी हकदार नहीं है। आपको नाराज़ होने का अधिकार है। आप सभी को है। लेकिन यह सब हर्माइनी की ग़लती नहीं है। हम नहीं जानते हैं कि उस लडकी का काल–परिवर्तक कैसे मिला। या तो मेरे बेटे ने उसे दिया होगा।

जिनी

या तो हमारे बेटे ने उसे दिया होगा। या फिर उस लड़की ने इसे चुरा लिया होगा।

जिनी हैरी *के पास मंच पर आ जाती है।*

प्रोफ़ेसर मैक्गॉनेगल

तुम्हारी एकता प्रशंसनीय है, लेकिन इससे तुम्हारी लापरवाही क्षम्य नहीं हो जाती है।

ड्रेको

तब तो यह ऐसी लापरवाही है, जिसका सामना मुझे भी करना चाहिए।

ड्रेको *मंच पर ऊपर आता है और* जिनी *के पास खड़ा हो जाता है। यह बहुत ही अद्भुत पल है। साँस लेने की आवाजें होती हैं।*

हर्माइनी *और* हैरी *ने कुछ भी ग़लत नहीं किया है, बल्कि हम सभी की रक्षा करने की कोशिश की है। अगर वे दोषी हैं, तो मैं भी हूँ।*

हर्माइनी *अपने साथियों की तरफ देखती है – भावविह्वल।* रॉन *भी दृढ़ता से मंच पर उनके पास आ जाता है।*

रॉन

बस इतना कहूँगा – मैं इसके बारे में ज़्यादा कुछ नहीं जानता, इसलिए ज़िम्मेदारी नहीं ले सकता – और मुझे पूरा यक़ीन है कि मेरे बच्चों का इससे कोई लेना–देना नहीं है – लेकिन अगर ये लोग यहाँ खड़े हैं, तो मैं भी यहाँ खड़ा हूँ।

जिनी

कोई नहीं जानता कि वे कहाँ हैं – क्या वे साथ–साथ हैं या अलग–अलग। मुझे विश्वास है कि हमारे बेटे वह सब कर रहे होंगे, जो वे उसे रोकने के लिए कर सकते हैं, लेकिन...

हर्माइनी

हमने हार नहीं मानी है। हम दानवों के पास गए हैं। दैत्यों के पास। हर कोई, जो हमें मिल सकता था। ऑरर उड़ रहे हैं, तलाश कर रहे हैं, रहस्य जानने वाले लोगों से बात कर रहे हैं, उन लोगों का पीछा कर रहे हैं, जो रहस्य उजागर नहीं कर रहे हैं।

हैरी

लेकिन एक सच्चाई है, जिससे हम बच नहीं सकते : कि हमारे अतीत में कहीं पर एक जादूगरनी है, जो हर उस चीज़ को दोबारा लिखने की कोशिश कर रही है, जिसे हम जानते हैं – और हम बस इंतज़ार कर सकते हैं – उस पल का इंतज़ार, जब वह अपने इरादे में कामयाब होगी या फिर नाकामयाब होगी।

प्रोफ़ेसर मैक्गॉनेगल

और अगर वह कामयाब हो गई तो?

हर्माइनी

तो – बस चुटकी में – इस कमरे के ज़्यादातर लोग चले जाएँगे, हमारा अस्तित्व नहीं होगा और वोल्डेमॉर्ट दोबारा राज करेगा।

अंक चार दृश्य दो

स्कॉटिश हाइलैंड्स, एवीमूर ट्रेन स्टेशन, 1981

एल्बस और स्कॉर्पियस स्टेशन मास्टर को देख रहे हैं, आशंकित अंदाज़ में।

एल्बस

हममें से किसी को उससे बात करनी चाहिए, क्या तुम ऐसा नहीं सोचते?

स्कॉर्पियस

हलो, मि. स्टेशन मास्टर। मि. मगलू। सवाल : क्या आपने यहाँ से किसी जादूगरनी को उड़कर जाते हुए देखा है? और वैसे यह कौन सा साल चल रहा है? हम अभी–अभी हॉगवर्ट्स से भागकर आए हैं, क्योंकि हम डर रहे थे कि कहीं परिस्थितियों को गड़बड़ न कर दें, लेकिन यह ठीक है?

एल्बस

तुम जानते हो मुझे सबसे ज़्यादा चिढ़ किस बात से होती है? डैडी सोचेंगे कि हमने यह जान–बूझकर किया है।

स्कॉर्पियस

एल्बस। हद हो गई! मेरा मतलब है वाकई हद हो गई! हम यहाँ – समय में – फँसे हुए हैं – खो गए हैं – शायद हमेशा के लिए – और तुम्हें बस यही चिंता सता रही है कि तुम्हारे डैडी इस बारे में क्या सोच सकते हैं? मैं तुम दोनों को कभी नहीं समझ पाऊँगा।

एल्बस

समझने का बहुत कुछ है। डैडी काफी जटिल हैं।

स्कॉर्पियस

और तुम नहीं हो? महिलाओं के मामले में तुम्हारी पसंद पर कोई सवाल नहीं कर रहा हूँ, लेकिन तुम उसे काफी... पसंद करते थे।

वे दोनों जानते हैं कि वह किसके बारे में बोल रहा है।

एल्बस

मैं करता था, है ना? मेरा मतलब है उसने क्रेग के साथ जो किया...

स्कॉर्पियस

उस बारे में नहीं सोचते हैं। चलो इस सच्चाई पर ध्यान केंद्रित करते हैं कि हमारे पास छड़ी नहीं है, झाड़ू नहीं है, न ही समय में आगे जाने का कोई तरीक़ा है। हमारे पास केवल अपनी बुद्धि है और – नहीं, बस यही, हमारे पास अपनी बुद्धि ही है – और इसी के सहारे हमें उसे रोकना है।

स्टेशन मास्टर *(बहुत ज़ोरदार स्कॉटिश भाषा में)*

ट्रेन देर से चल रही है, लड़को!

स्कॉर्पियस

माफ़ करें?

स्टेशन मास्टर

अगर तुम ट्रेन का इंतज़ार कर रहे हो, तो तुम्हें पता होना चाहिए कि यह देर से चल रही है। पटरियों पर काम चल रहा है। बदला हुआ टाइमटेबल यह रहा।

वह उनकी ओर देखता है, वे चकराए अंदाज़ में उसे देखते हैं। वह त्योरी चढ़ाता है और उन्हें बदला हुआ टाइमटेबल थमा देता है। वह इसके दाएँ हिस्से की तरफ़ इशारा करता है।

देर से।

एल्बस इसे लेकर पढ़ता है। उसका चेहरा बदल जाता है जब वह इस भारी-भरकम जानकारी को ग्रहण करता है। स्कॉर्पियस बस स्टेशन मास्टर को घूरता रहता है।

एल्बस

मैं जानता हूँ कि वह कहाँ है।

स्कॉर्पियस

तुम यह समझ गए?

एल्बस

तारीख़ देखो। टाइमटेबल पर।

स्कॉर्पियस झुकता है और पढ़ता है।

स्कॉर्पियस

13 अक्टूबर 1981। हैलोज़ ईव के पहले वाला दिन, 39 साल पहले। लेकिन – वह क्यों? ओह।

स्कॉर्पियस का चेहरा उतर जाता है, जब उसे अहसास होता है।

एल्बस

मेरे दादा–दादी की मृत्यु। मेरे डैडी के बचपन में उन पर हमला... वह पल जब वोल्डेमॉर्ट का शाप उस पर पलट गया था। वह अपनी भविष्यवाणी को सच करने की कोशिश नहीं कर रही है – वह बड़ी भविष्यवाणी को रोकने की कोशिश कर रही है।

स्कॉर्पियस

बड़ी भविष्यवाणी?

एल्बस

'जिसमें शैतानी शहंशाह को परास्त करने की शक्ति है...

स्कॉर्पियस पास आ जाता है।

स्कॉर्पियस *और* एल्बस

'... वह उन लोगों के यहाँ पैदा होता है, जिन्होंने तीन बार उसकी अवज्ञा की, सातवाँ महीना ख़त्म होने पर पैदा होता है...'

स्कॉर्पियस का चेहरा हर शब्द पर उतरता जाता है।

स्कॉर्पियस

यह मेरी ग़लती है। मैंने उसे बताया था कि भविष्यवाणियाँ रोकी जा सकती हैं – मैंने उसे बताया था कि भविष्यवाणियों का पूरा तर्क ही संदिग्ध था–

एल्बस

चौबीस घंटे के भीतर वोल्डेमॉर्ट शिशु हैरी पॉटर को मारने की कोशिश में अपने ही शाप से खुद नष्ट हो जाता है। डेल्फ़ी उस शाप को रोकने की कोशिश कर रही है। वह हैरी को खुद मारने वाली है। हमें गॉडरिक्स हॉलो पहुँचना होगा। अभी।

अंक चार दृश्य तीन

गॉडरिक्स हॉलो, 1981

एल्बस और स्कॉर्पियस गॉडरिक्स हॉलो के बीच में चलते हैं और यह चहल–पहल वाला, सुंदर छोटा गाँव है।

स्कॉर्पियस

देखो, जहाँ तक मैं देख सकता हूँ, हमले के कोई संकेत दिख नहीं रहे हैं...

एल्बस

यह गॉडरिक्स हॉलो है?

स्कॉर्पियस

तुम्हारे डैडी तुम्हें यहाँ कभी नहीं लाए?

एल्बस

नहीं, उन्होंने कई बार कोशिश की थी, लेकिन मैंने ही मना कर दिया था।

स्कॉर्पियस

देखो, घूमने का समय नहीं है – हमारा मुक़ाबला एक हत्यारी जादूगरनी से है, जिससे हमें संसार को बचाना है – लेकिन देखो... चर्च को... सेंट जेरोम्स...

जब वह संकेत करता है, तो एक चर्च दिखने लगता है।

एल्बस

यह शानदार है।

स्कॉर्पियस

और सेंट जेरोम्स का क़ब्रिस्तान भव्य तौर पर भुतहा माना जाता है *(वह दूसरी दिशा में संकेत करता है)*, और वहीं पर हैरी व उसके माता-पिता की प्रतिमा –

एल्बस

मेरे डैडी की प्रतिमा है?

स्कॉर्पियस

ओह। अभी तक तो नहीं। लेकिन भविष्य में। उम्मीद है। और यह वह – वह मकान है, जहाँ बाथिल्डा बैगशॉट रहती थीं, रहती हैं...

एल्बस

बाथिल्डा बैगशॉट? जादू का इतिहास वाली बाथिल्डा बैगशॉट?

स्कॉर्पियस

एकदम वही। हे भगवान, वे रहीं। वाह! मेरा ज्ञान काँप रहा है।

एल्बस

स्कॉर्पियस!

स्कॉर्पियस

और यह रहा –

एल्बस

जेम्स, लिली और हैरी पॉटर का घर...

एक युवा, आकर्षक दंपति एक मकान से बाहर निकलते हैं, एक शिशु को बच्चा गाड़ी में लेकर। एल्बस उनकी ओर बढ़ता है, स्कॉर्पियस उसे पीछे खींच लेता है।

स्कॉर्पियस

एल्बस, तुम उनके सामने नहीं जा सकते। इससे समय को नुकसान पहुँच सकता है, और हम यह नहीं कर रहे हैं – इस बार नहीं।

एल्बस

लेकिन इसका मतलब है, उसने अब तक... हम कामयाब हो गए हैं... वह अब तक हत्या नहीं...

स्कॉर्पियस

तो अब हम क्या करें? उससे लड़ने की तैयारी करें? क्योंकि वह बहुत... खूँखार है।

एल्बस

हाँ। हमने इस बारे में पूरी तरह से नहीं सोचा, है ना? अब हम क्या करें? हम मेरे डैडी की रक्षा कैसे करें?

अंक चार **दृश्य चार**

जादू मंत्रालय, हैरी का ऑफ़िस

हैरी तेज़ी से कागज़ी काम कर रहा है।

डम्बलडोर

गुड ईवनिंग, हैरी।

अंतराल। हैरी डम्बलडोर *की तस्वीर को देखता है, उसका चेहरा निष्क्रिय है।*

हैरी

प्रोफ़ेसर डम्बलडोर। मेरे ऑफ़िस में। मैं सम्मानित हुआ। मुझे आज रात वहाँ रहना चाहिए, जहाँ काम होना है।

डम्बलडोर

तुम क्या कर रहे हो?

हैरी

कागज़ देख रहा हूँ। देख रहा हूँ कि कहीं मुझसे कोई ऐसी चीज़ तो नहीं छूट गई, जो नहीं छूटनी चाहिए थी। हम जिस सीमित तरीक़े से लड़ सकते हैं, उसके लिए शक्तियाँ इकट्ठी कर रहा हूँ। यह जानते हुए कि युद्ध हमसे बहुत दूर होने वाला है। मैं और क्या कर सकता हूँ?

ठहराव। डम्बलडोर *कुछ नहीं कहते हैं।*

आप कहाँ से आ रहे हैं, डम्बलडोर?

डम्बलडोर

मैं इस वक़्त यहाँ हूँ।

हैरी

जब हम युद्ध हारने को हैं। या फिर आप इस बात से इंकार कर रहे हैं कि वोल्डेमॉर्ट वापस आने वाला है?

डम्बलडोर

यह – संभव है।

हैरी

जाएँ। चले जाएँ। मैं नहीं चाहता कि आप यहाँ रहें। मुझे आपकी ज़रूरत नहीं है। हर बार जब भी सचमुच महत्वपूर्ण मौक़ा रहा था, तब आप मेरे पास नहीं थे। मैं आपके बिना तीन बार उससे लड़ा हूँ। अगर ज़रूरत पड़ी, तो मैं एक बार फिर उससे मुकाबला करूँगा – अकेले।

डम्बलडोर

हैरी, क्या तुम्हें नहीं लगता कि तुम्हारी तरफ़ से मैं उससे लड़ना चाहता था? अगर मैं ऐसा कर सकता, तो तुम्हें बचा लेता –

इस पर हैरी फट पड़ता है।

हैरी

प्रेम हमें अंधा कर देता है? क्या आप जानते हैं कि इसका क्या मतलब होता है? क्या आप जानते भी हैं कि यह सलाह कितनी ख़राब है? मेरा बेटा – मेरा बेटा हमारी ख़ातिर युद्ध लड़ रहा है, जिस तरह मुझे आपकी ख़ातिर लड़ना पड़ा था। और मैं भी उतना ही ख़राब पिता साबित हुआ हूँ, जितने आप मेरे लिए थे। उसे उन जगहों पर छोड़ना, जहाँ वह यह महसूस करे कि उससे प्रेम नहीं किया जा रहा है – उसमें ऐसे द्वेष भर देना, जिन्हें समझने में उसे बरसों लगें –

डम्बलडोर

अगर तुम प्रिविट ड्राइव का ज़िक्र कर रहे हो, तो –

हैरी

बरसों – बरसों मैंने वहाँ अकेले गुज़ारे थे, यह जाने बिना कि मैं क्या था या मैं वहाँ क्यों था, यह जाने बिना कि कोई मेरी परवाह करता था!

डम्बलडोर

मैं – नहीं चाहता था कि तुमसे मेरा मोह बढ़े –

हैरी

आप खुद की रक्षा कर रहे थे, तब भी!

डम्बलडोर

नहीं। मैं तुम्हारी रक्षा कर रहा था। मैं तुम्हें चोट नहीं पहुँचाना चाहता था...

डम्बलडोर *तस्वीर से हाथ बाहर निकालने की कोशिश करते हैं, लेकिन कर नहीं पाते। वे रोने लगते हैं, लेकिन इसे छुपाने की कोशिश करते हैं।*

लेकिन अंततः मुझे तुमसे मिलना पड़ा... जब तुम ग्यारह साल के थे, और बहुत बहादुर थे। बहुत अच्छे। तुम उस रास्ते पर बिना शिकायत किए चलते रहे, जो तुम्हारे क़दमों के सामने रखा गया। जाहिर है, मैं तुमसे प्यार करता था... और मैं जानता था कि यह बार–बार होगा... कि जहाँ मैं प्रेम करूँगा, वहाँ मैं ऐसा नुक़सान पहुँचाऊँगा, जिसे सुधारा न जा सके... मैं प्रेम करने लायक़ इंसान नहीं हूँ... मैंने कभी नुक़सान पहुँचाए बिना प्रेम नहीं किया...

ठहराव।

हैरी

अगर आप मुझे तब यह बता देते, तो मुझे कम चोट पहुँचती।

डम्बलडोर *(अब खुलकर रोते हुए)*

मैं अंधा था। प्रेम यही करता है। मैं यह नहीं समझ पाया कि तुम्हें यह सुनने की ज़रूरत है कि यह बेकार, ख़तरनाक बूढ़ा आदमी... तुमसे प्रेम करता है...

ठहराव। दोनों ही भावना के अतिरेक में हैं।

हैरी

यह सच नहीं है कि मैंने कभी शिकायत नहीं की।

डम्बलडोर

हैरी, इस उलझे हुए, भावनात्मक जगत में कभी कोई आदर्श जवाब नहीं होता। आदर्श स्थिति मानव जाति की पहुँच से परे

है, जादू की पहुँच से परे है। खुशी के हर जगमगाते पल में ज़हर की बूँद घुली हुई है : यह ज्ञान कि दर्द दोबारा आएगा। जो तुमसे प्रेम करते हैं, उनके प्रति सच्चे रहो, उन्हें अपना दर्द दिखाओ। कष्ट उठाना उतना ही मानवीय है, जितना कि साँस लेना।

हैरी

आपने यह मुझसे एक बार पहले भी कहा था।

डम्बलडोर

आज रात तुमसे कहने के लिए मेरे पास इतना ही है।

वे जाने लगते हैं।

हैरी

अभी मत जाइए!

डम्बलडोर

हैरी, जिनसे हम प्रेम करते हैं, वे दरअसल हमें कभी छोड़कर नहीं जाते हैं। ऐसी चीज़ें हैं, जिन्हें मृत्यु छू भी नहीं सकती है। चित्र... और स्मृति... और प्रेम।

हैरी

मैं भी आपसे प्रेम करता था, डम्बलडोर।

डम्बलडोर

मैं जानता हूँ।

वे चले जाते हैं। और हैरी *अकेला रह जाता है।* ड्रेको *दाख़िल होता है।*

ड्रेको

क्या तुम्हें पता होगा कि इस दूसरी वास्तविकता में – जो वास्तविकता स्कॉर्पियस ने देखी थी – मैं जादुई क़ानून अनुपालन विभाग का प्रमुख बन गया था? शायद यह कमरा जल्दी ही मेरा होगा। तुम ठीक तो हो?

हैरी *अपने दुख में डूबा है।*

हैरी

चलो – मैं तुम्हें घुमा देता हूँ।

ड्रेको कमरे के भीतर हिचकते हुए दाख़िल होता है। वह चारों ओर अप्रिय अंदाज़ में देखता है।

ड्रेको

यह चीज़ मुश्किल है – मैंने कभी मंत्रालय में काम करने के सपने नहीं देखे। बचपन में भी। मेरे डैडी – वे बस यही चाहते थे – मैं नहीं चाहता था।

हैरी

तुम क्या करना चाहते थे?

ड्रेको

क्विडिच। लेकिन मैं कभी पर्याप्त अच्छा नहीं था। मुख्यतः मैं खुश रहना चाहता था।

हैरी सिर हिलाता है। ड्रेको उसे एक और पल देखता है, उसे पक्का नहीं है कि इसे कैसे करना है।

माफ़ करना, मैं छुटपुट बातचीत में बहुत अच्छा नहीं हूँ। इसलिए बुरा तो नहीं लगेगा, अगर हम गंभीर काम पर लौटें।

हैरी

ज़ाहिर है। कौन सा – गंभीर – काम?

ठहराव।

ड्रेको

क्या तुम सोचते हो कि थियोडोर नॉट के पास एकमात्र काल–परिवर्तक था?

हैरी

क्या?

ड्रेको

मंत्रालय ने जिस काल–परिवर्तक को ज़ब्त किया था, वह बस नमूना था। सस्ती धातु से बना। निश्चित रूप से इससे काम हो जाता है। लेकिन यह केवल पाँच मिनट तक ही अतीत में रख सकता है – यह एक गंभीर दोष है – यह कोई ऐसी चीज़ नहीं है, जिसे आप काले जादू के सच्चे संग्राहकों को बेच सकें।

हैरी को अहसास होता है कि ड्रेको क्या कह रहा है।

हैरी

वह तुम्हारे लिए काम कर रहा था?

ड्रेको

नहीं। मेरे डैडी के लिए। वे ऐसी चीज़ों का संग्रह करना पसंद करते थे, जो किसी दूसरे के पास नहीं थीं। मंत्रालय के काल–परिवर्तक – क्रोकर की बदौलत – उनके हिसाब से सजावटी सामान थे। वे एक घंटे से ज़्यादा पीछे तक जाने की क्षमता चाहते थे, वे बरसों पीछे तक यात्रा करने की योग्यता चाहते थे। वे कभी इसका इस्तेमाल नहीं करते; गोपनीय रूप से मैं सोचता हूँ कि वे संसार को वोल्डेमॉर्ट के बिना ज़्यादा पसंद करते थे। लेकिन हाँ, काल–परिवर्तक उनके लिए बनाया गया था।

हैरी

और क्या यह तुम्हारे पास है?

ड्रेको काल–परिवर्तक को उजागर करता है।

ड्रेको

पाँच मिनट की कोई समस्या नहीं, और यह सोने की तरह चमकता है, जिस तरह मैल्फ़ॉय परिवार इसे पसंद करता है। तुम मुस्कुरा रहे हो।

हैरी

हर्माइनी ग्रेंजर। इसी वजह से उसने पहले काल–परिवर्तक को रखा था, इस डर से कि दूसरा हो सकता है। यह तुम्हारे पास है, इस जुर्म में तुम्हें अज़्काबान भेजा जा सकता था।

ड्रेको

विकल्प के बारे में सोचो – मान लो अगर लोगों को पता चल जाता कि मैं समय में यात्रा कर सकता था। उस अफवाह के बारे में सोचो, जिसे ज़्यादा बल मिलता।

हैरी ड्रेको को देखता है, पूरी तरह से उसका मतलब समझ जाता है।

हैरी

स्कॉर्पियस।

ड्रेको

हम बच्चे पैदा करने मे सक्षम थे, लेकिन एस्टोरिया कमज़ोर थी। खून की गड़बड़ी वाला शाप, गंभीर वाला। एक पूर्वज को शाप था... यह उसमें प्रकट हो गया। तुम जानते हो कि ये चीज़ पीढ़ियों बाद कैसे उभर सकती हैं...

हैरी

मुझे अफसोस है, ड्रेको।

ड्रेको

मैं उसकी सेहत को जोखिम में नहीं डालना चाहता था। मैंने उससे कहा, इसमें कोई ख़ास बात नहीं है कि मेरे बाद मैल्फ़ॉय वंश ख़त्म हो जाए – चाहे मेरे पिता जो भी कहते रहें। लेकिन एस्टोरिया – वह मैल्फ़ॉय नाम के लिए संतान नहीं चाहती थी, शुद्ध ख़ून या गौरव के लिए नहीं, बल्कि वह हमारे लिए संतान पैदा करना चाहती थी। हमारी संतान पैदा हुई स्कॉर्पियस... यह हम दोनों के जीवन का सबसे अच्छा दिन था, लेकिन इससे एस्टोरिया काफ़ी कमज़ोर हो गई। हम तीनों ही दूर जाकर छिप गए। मैं उसकी शक्ति को सुरक्षित रखना चाहता था... इसलिए अफ़वाहें शुरू हो गईं।

हैरी

मैं कल्पना भी नहीं कर सकता कि वह कैसा माहौल होगा।

ड्रेको

एस्टोरिया हमेशा जानती थी कि वह बुढ़ापे तक ज़िंदा नहीं रहेगी। वह चाहती थी कि उसके जाने के बाद मेरे पास कोई रहे, क्योंकि... ड्रेको मैल्फ़ॉय का यह जीवन बहुत अकेलेपन का जीवन है। मुझ पर हमेशा शक किया जाएगा। अतीत से बचा नहीं जा सकता। वैसे मुझे कभी अहसास नहीं हुआ कि अगर मैं अपने बेटे को इस अफ़वाह फैलाने वाले, आलोचनात्मक संसार से छिपाऊँगा, तो इस वजह से वह मुझसे भी ज़्यादा बुरे शक के दायरे में लिपट जाएगा।

हैरी

प्रेम अंधा कर देता है। हम दोनों ने ही अपने बेटों को वह देने की कोशिश की, जो हम चाहते थे; वह देने की कोशिश नहीं की,

जो वे चाहते थे। हम अपने ही अतीत को दोबारा लिखने की कोशिश में इतने व्यस्त थे कि हमने उनके वर्तमान का नुकसान कर दिया।

ड्रेको

इसीलिए तुम्हें इसकी जरूरत है। मैं इसे संभाले हुए हूँ, इसका इस्तेमाल करने से खुद को बमुश्किल रोक रहा हूँ, हालाँकि मैं एस्टोरिया के साथ एक और पल बिताने के लिए अपनी आत्मा बेचने को भी तैयार हूँ।

हैरी

ओह, ड्रेको... हम ऐसा नहीं कर सकते। हम इसका इस्तेमाल नहीं कर सकते।

ड्रेको हैरी को देखता है और पहली बार – इस भयंकर गर्त की तलहटी में – वे एक–दूसरे को मित्र की तरह देखते हैं।

ड्रेको

हमें उन्हें खोजना है – अगर इसमें सदियाँ लग जाएँ, तो भी हमें अपने बेटों को खोजना है...

हैरी

हमें ज़रा भी पता नहीं है कि वे कहाँ हैं या वे किस वर्ष में हैं। जब आपको यही नहीं पता हो कि किस समय में खोजना है, तब खोज करना मूर्खता होगी। नहीं, मुझे लगता है कि प्रेम यह नहीं कर पाएगा, न ही काल–परिवर्तक कर पाएगा। अब यह हमारे बेटों पर निर्भर करता है – वे ही हैं, जो हमें बचा सकते हैं।

अंक चार **दृश्य पाँच**

गॉडरिक्स हॉलो, जेम्स और लिली पॉटर के घर के बाहर, 1981

एल्बस और स्कॉर्पियस निराशा में चारों ओर देखते हैं, सबसे बड़ी समस्या से खुद को बाहर निकालने के लिए सोचने की कोशिश करते हैं।

एल्बस

हम दादा–दादी को बता दें?

स्कॉर्पियस

कि वे कभी अपने बेटे को बड़ा होते नहीं देख पाएँगे?

एल्बस

वे काफ़ी मज़बूत हैं – मैं जानता हूँ कि वे हैं – तुमने उन्हें देखा था।

स्कॉर्पियस

वे अद्भुत दिखती थीं, एल्बस। और अगर मैं तुम्हारी जगह होता, तो मैं उनसे बात करने को बहुत बेताब होता। लेकिन उन्हें ज़रूरत है कि वे वोल्डेमॉर्ट से हैरी की जान की भीख माँगें, उन्हें यह सोचने की ज़रूरत है कि हैरी मर सकता है और तुम संसार में सबसे बुरे खेल बिगाड़ने वाले रहोगे...

एल्बस

डम्बलडोर। डम्बलडोर तो ज़िंदा हैं। हम डम्बलडोर को बता देते हैं। हम वही करते हैं, जो तुमने स्नेप के साथ किया था –

स्कॉर्पियस

क्या हम उन्हें यह बताने का जोखिम ले सकते हैं कि तुम्हारे डैडी ज़िंदा बच जाते हैं? कि उनके बच्चे भी हैं?

एल्बस

वे डम्बलडोर हैं! वे किसी भी चीज से निबट सकते हैं!

स्कॉर्पियस

एल्बस, इस बारे में लगभग सौ पुस्तकें लिखी जा चुकी हैं कि डम्बलडोर क्या जानते थे, वे इसे कैसे जानते थे या उन्होंने जो किया, वह क्यों किया। लेकिन फिर भी यह संदेह है – कि उन्होंने जो किया – उसे करने की ज़रूरत थी – और मैं इसमें कोई जोखिम नहीं लेने वाला हूँ। *(अंतराल, वह अपने मित्र को आग्रह भरी दृष्टि से देखता है।)* मैं मदद इसलिए माँग पाया, क्योंकि मैं एक वैकल्पिक वास्तविकता में था। हम नहीं हैं। हम अतीत में हैं। हम ज़्यादा समस्याएँ उत्पन्न किए बिना समय को नहीं बदल सकते – अगर हमारे अभियानों ने हमें कोई चीज सिखाई है, तो यही सिखाई है। किसी से भी बात करने के जोखिम – जिससे समय दूषित हो – बहुत बड़े हैं।

एल्बस

तो हमें – भविष्य में संदेश भेजने की ज़रूरत है। हमें डैडी को संदेश भेजने की ज़रूरत है।

स्कॉर्पियस

लेकिन हमारे पास ऐसा कोई उल्लू नहीं है, जो समय के पार उड़ सके। और उनके पास काल–परिवर्तक नहीं है।

एल्बस

हम डैडी को संदेश भेज देते हैं। वे यहाँ पहुँचने का कोई न कोई तरीक़ा खोज लेंगे। भले ही इसके लिए उन्हें खुद काल–परिवर्तक बनाना पड़े।

स्कॉर्पियस

हम एक स्मृति भेज देते हैं – स्मृति पात्र की तरह – उसके ऊपर खड़े होते हैं और संदेश भेज देते हैं, इस उम्मीद में कि वे सही पल में उस स्मृति तक पहुँच जाएँ। मेरा मतलब है, यह असंभव

लगता है, लेकिन... शिशु के ऊपर खड़े हो जाओ – और बस मदद। मदद। मदद। लगातार चिल्लाते रहो। मेरा मतलब है इससे शिशु थोड़ा सदमे में आ सकता है, लेकिन फिर भी।

एल्बस

बस थोड़ा सा।

स्कॉर्पियस

जो हो रहा है, उसकी तुलना में थोड़ा सा सदमा कुछ नहीं है... और शायद जब वे सोचते हैं – बाद में – तो उन्हें हमारे चेहरे याद आ सकते हैं, जब हम – चिल्लाए थे –

एल्बस

मदद।

स्कॉर्पियस एल्बस को देखता है।

स्कॉर्पियस

तुम्हारी बात सही है। यह एक ख़राब विचार है।

एल्बस

यह तुम्हारे सबसे ख़राब विचारों में से एक है।

स्कॉर्पियस

समझ गया! हम इसे खुद पहुँचा देते हैं – हम चालीस साल इंतज़ार करते हैं – हम इसे पहुँचा देते हैं–

एल्बस

कोई मौक़ा नहीं – एक बार डेल्फ़ी समय को अपने मनचाहे ढंग से बना लेगी, तो वह सेना भेज देगी, ताकि वे हमें पकड़ लें – मार डालें –

स्कॉर्पियस

तो हम किसी गुफा में छिप जाते हैं?

एल्बस

हालाँकि तुम्हारे साथ किसी गुफा में अगले चालीस साल तक छिपना आनंददायक रहेगा... लेकिन वे हमें खोज लेंगे। और हम मर जाएँगे और समय ग़लत जगह पर अटका रह जाएगा। नहीं। हमें किसी ऐसी चीज़ की ज़रूरत है, जिसे हम नियंत्रित कर सकें,

कोई ऐसी चीज जिसके बारे में हम जानते हैं कि वह उन्हें सटीक समय पर मिल जाएगी। हमें किसी चीज की ज़रूरत है...

स्कॉर्पियस

ऐसी कोई चीज़ नहीं है। फिर भी, अगर मुझे अनंत अंधकार की वापसी पर किसी साथी को चुनना हो, तो मैं तुम्हें ही चुनूँगा।

एल्बस

बुरा मत मानना, लेकिन मैं किसी बड़े व्यक्ति को चुनूँगा, जो जादू में सचमुच अच्छा हो।

लिली शिशु हैरी को बच्चागाड़ी में लेकर घर से निकलती हैं, वे सावधानी से उस पर कंबल उड़ाती हैं।

उनका कंबल। वे उन्हें कंबल में लपेट रही हैं।

स्कॉर्पियस

देखो, आज हल्की ठंड है।

एल्बस

वे हमेशा कहते थे – यह एकमात्र चीज़ है, जो उनकी माँ की निशानी है। देखो तो सही वे कितने प्रेम से कंबल में उन्हें लपेट रही हैं – मैं सोचता हूँ कि वे इसके बारे में जानना पसंद करेंगे – काश मैं उन्हें बता पाता।

स्कॉर्पियस

और काश मैं अपने डैडी को बता सकता – देखो, मुझे पता नहीं है कि क्या। मैं सोचता हूँ कि मैं उन्हें यह बताना पसंद करूँगा कि वे जितना सोचते हैं, मैं कभी–कभार उससे ज़्यादा बहादुरी दिखा सकता हूँ।

एल्बस के मन में एक विचार आता है।

एल्बस

स्कॉर्पियस – मेरे डैडी के पास अब भी वह कंबल है।

स्कॉर्पियस

यह काम नहीं करेगा। अगर हम इस पर अभी एक संदेश लिखते हैं, चाहे यह सचमुच छोटा हो, तो दूसरे लोग इसे बहुत जल्दी पढ़ लेंगे। समय का खेल बिगड़ जाएगा।

एल्बस

तुम प्रेम काढ़ों के बारे में क्या जानते हो? उनमें कौन सा तत्व होता है?

स्कॉर्पियस

बाक़ी चीज़ों के अलावा, मोती की धूल होती है।

एल्बस

मोती की धूल तुलनात्मक रूप से दुर्लभ तत्व है, है ना?

स्कॉर्पियस

ख़ास तौर पर इसलिए क्योंकि यह काफ़ी महँगी होती है। इसका क्या मतलब है, एल्बस?

एल्बस

जब मैं स्कूल आ रहा था, उसके एक दिन पहले डैडी और मेरी लड़ाई हो गई थी।

स्कॉर्पियस

मैं जानता हूँ। मुझे यक़ीन है कि एक तरह से उसी की वजह से हम इस झमेले में हैं।

एल्बस

मैंने कंबल को कमरे में फेंक दिया था। वह उस प्रेम काढ़े से टकरा गया था, जो रॉन अंकल ने मुझे मज़ाक़ में दिया था।

काढ़ा फैल गया और कंबल इसमें तर हो गया और मैं यह बात पक्के तौर पर जानता हूँ कि जब से मैं उस कमरे से बाहर निकला हूँ, मम्मी ने डैडी को उस कमरे में घुसने भी नहीं दिया है।

स्कॉर्पियस

तो?

एल्बस

तो हैलोज़ ईव आने वाली है, उनके समय में भी और हमारे समय में भी – और डैडी ने मुझे बताया था कि वे हमेशा उस कंबल के पास रहते हैं, कि उन्हें हैलोज़ ईव पर उस कंबल के साथ रहने की ज़रूरत महसूस होती है – यह वह आख़िरी चीज़ थी, जो उनकी मम्मी ने उन्हें दी थी – इसलिए वे इसके पास जाएँगे और जब यह उन्हें दिखेगा...

स्कॉर्पियस

नहीं। मैं अब भी तुम्हारी बात नहीं समझा।

एल्बस

मोती की धूल के साथ कौन सी चीज़ प्रतिक्रिया करती है?

स्कॉर्पियस

देखो, यह कहा जाता है कि अगर डेमिगाइस का टिंचर और मोती की धूल मिल जाएँ... तो वे जलने लगते हैं।

एल्बस

और क्या *(उसे पक्का नहीं है कि उस शब्द को कैसे कहना है)* डेमिगाइस का टिंचर आँखों से दिखता है?

स्कॉर्पियस

नहीं।

एल्बस

तो अगर हम उस कंबल तक पहुँच जाएँ और उस पर डेमिगाइस के टिंचर से लिख दें, तो...

स्कॉर्पियस *(यूरेका वाली भावना)*

इससे कोई चीज़ तब तक प्रतिक्रिया नहीं करेगी, जब तक कि यह प्रेम काढ़े के संपर्क में न आए। तुम्हारे कमरे में। वर्तमान में। डम्बलडोर की क़सम, मुझे यह पसंद आया।

एल्बस

हमें बस यह पता लगाने की ज़रूरत है कि डेमिगाइस... मिलेगा कहाँ।

स्कॉर्पियस

जानते हो, ऐसी अफ़वाह है कि बाथिल्डा बैगशॉट को कभी इस बात में तुक नज़र नहीं आई कि जादूगर और जादूगरनियाँ अपने दरवाज़ों पर ताला लगाएँ।

दरवाज़ा खुल जाता है।

अफ़वाह सही थी। अब कुछ छड़ियाँ और काढ़े चुराने का वक़्त आ गया है।

अंक चार **दृश्य छह**

हैरी और जिनी पॉटर का घर, एल्बस का कमरा

हैरी एल्बस के पलंग पर बैठा हुआ है। जिनी *दाख़िल होती है, वह उसे देखती है।*

जिनी

तुम्हें यहाँ देखकर हैरान हूँ।

हैरी

चिंता मत करो, मैंने कुछ भी नहीं छुआ है। तुम्हारा मंदिर सही–सलामत है। *(वह चिहुँकता है।)* माफ़ करना। ग़लत शब्दों का चुनाव।

जिनी *कुछ नहीं कहती है। हैरी उसकी तरफ़ देखता है।*

जानती हो, मेरी कुछ हैलोज़ ईव बहुत बुरी रही हैं – लेकिन यह निश्चित रूप से कम से कम – दूसरी सबसे बुरी है।

जिनी

मैं ग़लत थी – जो तुम पर दोष मढ़ा – मैं हमेशा तुम पर आरोप लगाती हूँ कि तुम निष्कर्षों पर कूद जाते हो और यह मैं थी जो – एल्बस ग़ायब हो गया और मैंने सोच लिया कि यह तुम्हारी ग़लती थी। मुझे अफ़सोस है कि मैंने ऐसा किया।

हैरी

तुम नहीं सोचतीं कि यह मेरी ग़लती थी?

जिनी

हैरी, एक शक्तिशाली काली जादूगरनी ने उसका अपहरण किया है। इसमें तुम्हारी ग़लती कैसे हो सकती है?

हैरी

मैंने उसे अपने से दूर किया था। मैंने उसे उसके पास भगाया था।

जिनी

क्या हम इसे इस तरह नहीं देख सकते, मानो हम पहले ही जंग हार चुके हैं?

जिनी *सिर हिलाती है। हैरी रोने लगता है।*

हैरी

मुझे अफ़सोस है जिनी –

जिनी

क्या तुम मेरी बात सुन नहीं रहे हो? मुझे भी अफ़सोस है।

हैरी

मुझे बचना नहीं चाहिए था – मरना मेरी तक़दीर में था – डम्बलडोर भी यही सोचते थे – लेकिन फिर भी मैं ज़िंदा रहा। मैंने वोल्डेमॉर्ट को हराया। ये सारे लोग – ये सारे लोग – यह क्रेग लड़का, मेरे माता–पिता, फ्रेड, अनगिनत लोग – और यह मैं था, जो ज़िंदा रहा? यह क्यों हुआ? यह सारा नुक़सान – और यह मेरी ग़लती थी।

जिनी

उन्हें वोल्डेमॉर्ट ने मारा था।

हैरी

लेकिन अगर मैं उसे ज़्यादा जल्दी रोक देता? मेरे हाथों पर इतना सारा ख़ून लगा है। और अब हमारा बेटा भी –

जिनी

वह मरा नहीं है। क्या तुम सुन सकते हो, हैरी? वह मरा नहीं है।

वह हैरी को अपनी बाँहों में लेती है। विशुद्ध दुख से भरा भारी अंतराल रहता है।

हैरी

लड़का जो ज़िंदा रहा। उस लड़के को ज़िंदा बचाने के लिए कितने सारे लोगों को मरना पड़ा?

हैरी एक पल के लिए डगमगाता है, अनिश्चित। फिर वह कंबल पर गौर करता है। वह इसकी तरफ़ चलकर जाता है।

यह कंबल ही मेरे पास है, तुम जानती हो... उस हैलोज़ ईव की निशानी? यही है, जिससे मैं उन्हें याद कर सकूँ। और जब–

वह कंबल उठाता है। उसे पता चलता है कि इसमें छेद हैं। वह इसकी ओर देखता है, निराशा से।

इसमें तो छेद हो गए हैं। रॉन के मूर्खतापूर्ण प्रेम काढ़े ने इसे जला दिया है। इसकी तरफ़ देखो। यह बर्बाद हो गया है। बर्बाद।

वह कंबल को फेंक देता है। जिनी उसे उठाती है और उसकी जाँच करती है।

जिनी

हैरी...

हैरी

क्या?

जिनी

हैरी, इस पर – कुछ – लिखा है –

और चेतावनी के बिना एल्बस *और* स्कॉर्पियस *प्रकट हो जाते हैं;* वे भी मंच पर हैरी और जिनी के साथ रहते हैं, हालाँकि समय के कारण अलग–अलग हैं।

एल्बस

'डैडी...'

स्कॉर्पियस

हम 'डैडी' से शुरू कर रहे हैं?

एल्बस

ताकि वे जान जाएँ कि यह मैं लिख रहा हूँ।

स्कॉर्पियस

उनका नाम हैरी है। हमें 'हैरी' से शुरू करना चाहिए।

एल्बस *(दृढ़ता से)*

हम 'डैडी' से शुरू कर रहे हैं।

हैरी

'डैडी,' क्या इस पर लिखा है 'डैडी?' यह उतना साफ़ नहीं है...

स्कॉर्पियस

'डैडी, हेल्प।'

जिनी

'हलो?' क्या इस पर 'हलो' लिखा है? और फिर... 'गुड'...

हैरी

'डैडी हलो गुड हलो?' नहीं। यह एक... अजीब मज़ाक है।

एल्बस

'डैडी। हेल्प। गॉडरिक्स हॉलो।'

जिनी

कंबल मुझे दो। मेरी आँखों की रोशनी तुमसे बेहतर है। हाँ। 'डैडी, हलो गुड' – यह 'हलो दोबारा नहीं है – यह 'हलो' या 'हॉलो' है? और फिर कुछ संख्याएँ – ये ज़्यादा साफ़ हैं – '3... 1...1...0...8...1' । क्या यह उन मगलुओं में से किसी का फ़ोन नंबर है? या ग्रिड संदर्भ है या...

हैरी *ऊपर देखता है, कई विचार उसके दिमाग़ में एकदम से उमड़ते–घुमड़ते हैं।*

हैरी

नहीं। यह एक तारीख़ है। 31 अक्टूबर 1981। वह तारीख़ जब मेरे माता–पिता को मारा गया था।

जिनी हैरी *को देखती है, और फिर पलटकर कंबल को।*

जिनी

इसमें 'हलो' नहीं लिखा है। इसमें लिखा है 'हेल्प।'

हैरी

'डैडी। हेल्प। गॉडरिक्स हॉलो। 31 / 10 / 1981'। यह एक संदेश है। चतुर लड़के ने मुझे एक संदेश भेजा है।

हैरी जिनी *को कसकर चूमता है।*

जिनी

यह एल्बस ने लिखा है?

हैरी

और उसने मुझे बता दिया है कि वे कहाँ हैं और वे कब हैं और अब जब हम जान गए है कि वह लड़की कहां है, तो हम जानते है कि हम उससे कहाँ लड़ सकते हैं।

वह उसे दोबारा कसकर चूमता है।

जिनी

हमें अभी वे वापस नहीं मिले हैं।

हैरी

मैं हर्माइनी को उल्लू भेजता हूँ। तुम ड्रेको को भेज दो। उनसे कहो कि काल–परिवर्तक के साथ हमसे गॉडरिक्स हॉलो में मिलें।

जिनी

और यह 'हमसे' रहेगा, ठीक है? मेरे बगैर जाने की सोचना भी मत, हैरी।

हैरी अपनी पत्नी को चूम लेता है – वह कृतज्ञता और प्रेम से लबरेज़ है।

हैरी

ज़ाहिर है, तुम भी चल रही हो। हमारे पास एक मौक़ा है जिनी, और डम्बलडोर की क़सम – हमें बस एक ही मौक़ा चाहिए।

अंक चार दृश्य सात

गॉडरिक्स हॉलो

रॉन, हर्माइनी, ड्रेको, हैरी और जिनी वर्तमान के गॉडरिक्स हॉलो में पैदल चलते हैं। शहर के बाज़ार में चहल–पहल है (यह इतने बरसों में फैल गया है)।

हर्माइनी

गॉडरिक्स हॉलो। बीस साल तो हो गए होंगे...

जिनी

क्या सिर्फ़ मैं हूँ या आस–पास और भी मगलू हैं?

हर्माइनी

यह वीकएंड की छुट्टियों के लिए काफ़ी लोकप्रिय हो गया है।

ड्रेको

मैं समझ सकता हूँ क्यों – फूस की छतों को देखो। क्या यह किसानों का बाज़ार है?

हर्माइनी हैरी के पास आती है, जो अपने चारों तरफ देखता है, भावविह्वल।

हर्माइनी

तुम्हें याद है, जब हम पिछली बार यहाँ आए थे? यह पुराने दिनों जैसा ही महसूस होता है।

रॉन

पुराने दिन, जिसमें बिन बुलाई पोनीटेल जुड़ गई है।

ड्रेको कटाक्ष समझ जाता है।

ड्रेको

क्या मैं कह सकता हूँ...

रॉन

मैल्फॉय, तुम्हारी हैरी से भले ही कितनी भी दोस्ती हो गई हो और तुमने तुलनात्मक रूप से भले ही अच्छा लड़का पैदा कर दिया हो, लेकिन तुमने मेरी पत्नी से और उसके बारे में कुछ बहुत अनुचित बातें कही हैं...

हर्माइनी

और तुम्हारी पत्नी को यह ज़रूरत नहीं है कि तुम उसकी तरफ़ से लड़ो।

हर्माइनी रॉन को घूरकर देखती है। रॉन समझ जाता है।

रॉन

अच्छा। लेकिन अगर तुमने उसके या मेरे बारे में एक भी बात कही...

ड्रेको

तो तुम क्या कर लोगे, वीज़्ली?

हर्माइनी

वह तुम्हें गले लगा लेगा। क्योंकि हम सभी एक ही टीम में हैं, है ना रॉन?

रॉन *(उसकी अपलक निगाह के सामने झिझकते हुए)*

ठीक है। मैं, उह, मैं सोचता हूँ कि तुम्हारे बाल सचमुच अच्छे हैं। ड्रेको।

हर्माइनी

धन्यवाद, पति महाशय। यह जगह अच्छी दिखती है। चलो यहीं समय को बदल देते हैं...

ड्रेको काल–परिवर्तक निकालता है – यह तेज़ी से घूमने लगता है, जब दूसरे इसके आस–पास अपनी जगह पर आते हैं।

और फिर रोशनी का एक दैत्याकार झोंका होता है। शोर का धमाका। और समय रुक जाता है और फिर यह घूमता है

थोड़ा सोचता है और फिर पीछे की तरफ खिसकने लगता है, पहलेपहल धीरे-धीरे...

और फिर यह गति पकड़ लेता है।

वे अपने चारों ओर देखते हैं।

रॉन

तो? क्या इसने काम कर दिया?

अंक चार दृश्य आठ

गॉडरिक्स हॉलो, शेड, 1981

एल्बस हैरानी से जिनी *और फिर* हैरी *को देखता है और फिर वह बाक़ी ख़ुश समूह को देखता है* (रॉन, ड्रेको *और* हर्माइनी)।

एल्बस

मम्मी?

हैरी

एल्बस सीवियरस पॉटर। हम तुम्हें देखकर बहुत ख़ुश हुए।

एल्बस दौड़ता है और जिनी *के गले लग जाता है।* जिनी *आनंद से उसे गले लगाती है।*

एल्बस

आपको हमारा संदेश मिला...?

जिनी

हमें तुम्हारा संदेश मिला।

स्कॉर्पियस *अपने डैडी के पास धीरे–धीरे दौड़ते हुए जाता है।*

ड्रेको

अगर तुम पसंद करो, तो हम भी गले मिल सकते हैं...

स्कॉर्पियस *अपने डैडी को देखता है, एक पल के लिए ठिठकता है। और फिर वे बहुत अजीब अंदाज़ में आधे गले मिलते हैं।* ड्रेको *मुस्कुराता है।*

रॉन

अब यह डेल्फ़ी कहाँ है?

स्कॉर्पियस

आप डेल्फ़ी के बारे में जानते हैं?

एल्बस

वह यहीं है – हम सोचते हैं कि वह आपको मारने की कोशिश कर रही है। इससे पहल कि वाल्डेमॉर्ट शाप दे और वह उस पर उलट जाए। वह आपको मारने वाली है और इस तरह भविष्यवाणी को तोड़ने वाली है और...

हर्माइनी

हाँ, हमने सोचा कि यह हो सकता है। क्या तुम्हें पता है कि वह सटीकता से इस वक़्त कहाँ है?

स्कॉर्पियस

वह ग़ायब हो गई है। आप कैसे – बिना काल–परिवर्तक के आप कैसे...

हैरी *(बीच में बोलते हुए)*

स्कॉर्पियस, यह एक लंबी और जटिल कहानी है। और इसके लिए अभी हमारे पास वक़्त नहीं है।

ड्रेको *कृतज्ञता से* हैरी *की तरफ़ मुस्कुराता है।*

हर्माइनी

हैरी सही कह रहा है। समय ही महत्वपूर्ण है। हमें लोगों को सही जगह पर तैनात करना होगा। देखो, गॉडरिक्स हॉलो कोई बडी जगह नहीं है, लेकिन वह किसी भी दिशा से आ सकती है। इसलिए हमें किसी ऐसी जगह की ज़रूरत है, जहाँ से हमें पूरे शहर का ज़्यादातर हिस्सा दिखे – जो बहुत से और साफ़ अवलोकन बिंदु प्रदान करे – और सबसे अहम बात, जो हमें छिपाए रखे, क्योंकि हम दिखने का जोखिम नहीं ले सकते।

वे सभी त्योरी चढ़ाते हैं, सोचते हैं।

मेरा कहना है कि इन सभी बिंदुओं के लिहाज़ से सेंट जेरोम्स चर्च सही है, है ना?

अंक चार दृश्य नौ

गॉडरिक्स हॉलो, चर्च, पूजास्थल, 1981

एल्बस एक बेंच पर सो रहा है। जिनी उसे ग़ौर से देखती है। हैरी सामने वाली खिड़की से बाहर देख रहा है।

हैरी

नहीं। कुछ नहीं। वह यहाँ क्यों नहीं आई?

जिनी

हम साथ–साथ हैं, तुम्हारे मम्मी–डैडी ज़िंदा हैं, हम समय को मोड़ तो सकते हैं हैरी, लेकिन इसकी गति नहीं बढ़ा सकते। वह तब आएगी, जब वह तैयार होगी और हम उसके लिए तैयार होंगे।

वह एल्बस के सोते हुए शरीर को देखती है।

या हममें से कुछ रहेंगे।

हैरी

बेचारा बच्चा सोचता था कि उसे संसार को बचाना है।

जिनी

बेचारे बच्चे ने संसार को बचा लिया है। वह कंबल वाला काम कमाल का था। मेरा मतलब है, उसने संसार को लगभग तबाह भी कर दिया था, लेकिन शायद सबसे अच्छा यह रहेगा कि उस पर ध्यान केंद्रित न किया जाए।

हैरी

तुम सोचती हो, वह ठीक है?

जिनी

वह यहाँ पहुँच रहा है, इसमें उसे थोड़ा समय लग सकता है – और तुम्हें भी थोड़ा समय लग सकता है।

हैरी मुस्कुराता है। वह एल्बस को पलटकर देखती है। हैरी भी देखता है।

जानते हो, जब मैंने रहस्यमय तहखाना खोला था – जब वोल्डेमॉर्ट ने उस भयंकर डायरी से मुझे अपने वश में कर लिया था और मैंने लगभग हर चीज़ तबाह कर दी थी –

हैरी

मुझे याद है।

जिनी

जब मैं अस्पताल से बाहर निकली थी – तो हर किसी ने मुझे नज़रअंदाज़ कर दिया, मुझे दूर कर दिया – उस लड़के के अलावा, जिसके पास हर चीज़ थी – जो गरुड़द्वार के हॉल के पार आया और उसने मुझे एक्सप्लोडिंग स्नैप खेलने की चुनौती दी। लोग सोचते हैं कि उन्हें तुम्हारे बारे में सब कुछ मालूम है, लेकिन तुम्हारे सबसे अच्छे अंश दरअसल शांत तरीक़ों में नायक जैसे रहे हैं – हमेशा रहे हैं। मेरा मतलब यह है – जब यह सब ख़त्म हो जाता है, तो यह याद रखना – कि कई बार लोग – लेकिन ख़ास तौर पर बच्चे – बस किसी ऐसे शख़्स को चाहते हैं, जिसके साथ वे एक्सप्लोडिंग स्नैप खेल सकें।

हैरी

तुम सोचती हो कि हमें बस इसी की कमी है – एक्सप्लोडिंग स्नैप?

जिनी

नहीं। लेकिन उस दिन मैंने तुमसे जो प्रेम महसूस किया – मुझे यक़ीन नहीं है कि एल्बस उसे महसूस करता है।

हैरी

मैं उसके लिए कुछ भी कर दूँगा।

जिनी

हैरी, तुम किसी के लिए भी कुछ भी कर दोगे। तुम संसार की ख़ातिर अपनी कुर्बानी देकर बहुत खुश होते हो। मगर उसे ख़ास प्रेम महसूस करने की ज़रूरत है। इससे वह ज़्यादा मज़बूत बनेगा और तुम भी ज़्यादा मज़बूत बनोगे।

हैरी

जानती हो, जब तक हमने यह नहीं सोचा था कि एल्बस जा चुका है, तब तक मैं सचमुच मेरी माँ के किए काम को नहीं समझ पाया था। मंत्र का इतना शक्तिशाली तोड़ कि वह मृत्यु के मंत्र को भी पलट सके।

जिनी

और वह एकमात्र मंत्र जो वोल्डेमॉर्ट नहीं समझ सकता था – प्रेम।

यह शब्द कमरे में एक साथ भारी और सुंदर महसूस होता है।

हैरी

मैं उससे ख़ास प्रेम करता हूँ, जिनी।

जिनी

मैं जानती हूँ, लेकिन उसे यह महसूस करने की ज़रूरत है।

हैरी *अपनी पत्नी की ओर देखकर दुख से मुस्कुराता है, जागरूक होता है कि उसे बदलने की ज़रूरत है।*

हैरी

मैं ख़ुशक़िस्मत हूँ कि मेरे पास तुम हो, है ना?

जिनी

बहुत। और मैं तुमसे किसी दूसरे समय इस बारे में बात करके खुश होऊँगी कि तुम कितने ख़ुशक़िस्मत हो। लेकिन हाल–फ़िलहाल – हमें डेल्फ़ी को रोकने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

हैरी

हमारा समय ख़त्म हो रहा है।

जिनी *के मन में एक विचार आता है।*

जिनी

जब तक कि – हैरी, क्या किसी ने सोचा है – डेल्फ़ी ने यही समय क्यों चुना? आज?

हैरी

क्योंकि यही वह दिन है, जब हर चीज़ बदल गई थी...

जिनी

इस समय तुम्हारी उम्र एक साल से ज़्यादा हो चुकी है। क्या मैं ठीक कह रही हूँ?

हैरी

एक साल तीन महीने।

जिनी

यानी इन एक साल और तीन महीनों में वह तुम्हें कभी भी मार सकती थी। अब भी काफ़ी समय हो चुका है। वह चौबीस घंटों से गॉडरिक्स हॉलो में है। वह किस चीज़ का इंतज़ार कर रही है?

हैरी

मैं अब भी पूरी तरह नहीं समझ पाया–

जिनी

देखो, शायद वह तुम्हारा इंतज़ार नहीं कर रही है – शायद वह उसका इंतज़ार कर रही है... ताकि वह उसे रोक सके?

हैरी

क्या?

जिनी

डेल्फ़ी ने आज की रात इसलिए चुनी, क्योंकि वह यहाँ आने वाला है – क्योंकि उसका पिता आ रहा है। वह उससे मिलना चाहती है। उसके साथ रहना चाहती है, उस पिता के साथ जिससे वह प्रेम करती है। वोल्डेमॉर्ट की समस्याएँ तब शुरू हुईं, जब उसने तुम पर हमला किया। अगर वह ऐसा नहीं करता...

हैरी

तो वह और ज़्यादा ताक़तवर बन जाता – तब अँधेरा और गहरा हो जाता।

जिनी

भविष्यवाणी को झुठलाने का सबसे अच्छा तरीका हैरी पॉटर को मारना नहीं है। यह तो वोल्डेमॉर्ट को रोकना है कि वह कुछ भी न करे।

अंक चार दृश्य दस

गॉडरिक्स हॉलो, चर्च, 1981

समूह एकत्रित है और काफ़ी दुविधा है।

रॉन

तो मैं बात को अच्छी तरह समझ लूँ – हम वोल्डेमॉर्ट की रक्षा करने के लिए लड़ रहे हैं?

एल्बस

वोल्डेमॉर्ट मेरे दादा–दादी को मारे, इसके लिए। वोल्डेमॉर्ट मेरे डैडी की जान लेने की कोशिश करे, इसके लिए?

हर्माइनी

ज़ाहिर है, जिनी। डेल्फ़ी हैरी को मारने की कोशिश नहीं कर रही है – वह तो वोल्डेमॉर्ट को रोक रही है कि वह हैरी को मारने की कोशिश न करे। शानदार।

ड्रेको

तो – हम बस इंतज़ार करें? जब तक कि वोल्डेमॉर्ट नहीं आ जाता?

एल्बस

क्या वह जानती है कि वह कब आएगा? क्या वह यहाँ चौबीस घंटे पहले इसलिए नहीं आई है, क्योंकि उसे पक्का नहीं पता कि वह कब आएगा और किस दिशा से आएगा? इतिहास की पुस्तकें – स्कॉर्पियस, अगर मैं ग़लत हूँ, तो बता देना – इस बारे में कुछ नहीं बताती हैं कि वह गॉडरिक्स हॉलो में कब और कैसे आया?

स्कॉर्पियस और हर्माइनी

तुम ग़लत नहीं हो।

रॉन

हे भगवान! ये तो दो हो गए!

ड्रेको

तो हम इससे कैसे फ़ायदा उठा सकते हैं?

एल्बस

क्या आप जानते हैं कि मैं सचमुच किस चीज़ में अच्छा हूँ?

हैरी

तुम बहुत सी चीज़ों में अच्छे हो, एल्बस।

एल्बस

भेसबदल काढ़े में। और मुझे लगता है कि बाथिल्डा बैगशॉट के तहख़ाने में भेसबदल के सारे तत्व मौजूद हो सकते हैं। हम भेस बदलकर वोल्डेमॉर्ट बन जाते हैं और उसे अपने पास खींचकर लाते हैं।

रॉन

भेसबदल का इस्तेमाल करने के लिए उस व्यक्ति की किसी चीज़ की ज़रूरत होती है। हमारे पास वोल्डेमॉर्ट की कोई चीज़ नहीं है।

हर्माइनी

लेकिन मुझे विचार पसंद आया, बिल्ली के सामने चूहे का नाटक करना।

हैरी

भेसबदल से हम कितने क़रीब पहुँच सकते हैं?

हर्माइनी

हम जानते हैं कि वह कैसा दिखता है। यहाँ हमारे पास कुछ उत्कृष्ट जादूगर और जादूगरनियाँ हैं।

जिनी

तुम भेस बदलकर वोल्डेमॉर्ट बनना चाहते हो?

एल्बस

यही इकलौता तरीक़ा है।

हर्माइनी

यह है, है ना?

रॉन बहादुरी से आगे क़दम रखता है।

रॉन

तो मैं यह बनना पसंद करूँगा — मैं सोचता हूँ कि मुझे उसका भेस बनाना चाहिए। मेरा मतलब है, यह अच्छा नहीं होगा, वोल्डमॉर्ट बनना दरअसल अच्छा नहीं लगेगा — लेकिन अपनी शान आज बिना बताना चाहूँगा — मैं शायद तुम सबमें भावहीन इंसान हूँ, इसलिए शायद उसका भेस धारण करना — शैतानी शहंशाह बनना मेरे लिए — तुम ज़्यादा — भावुक — लोगों — से कम नुकसानदेह होगा।

हैरी दूर क़दम रखता है, मन ही मन सोचते हुए।

हर्माइनी

तुम भावुक किसे कह रहे हो?

ड्रेको

मैं भी यह करना चाहूँगा। मैं सोचता हूँ कि वोल्डेमॉर्ट को सटीकता की ज़रूरत है... बुरा मत मानना, रॉन... और काले जादू के ज्ञान की, और —

हर्माइनी

और मैं भी यह करना चाहूँगी। जादू मंत्री के रूप में मैं सोचती हूँ कि यह मेरी ज़िम्मेदारी और मेरा अधिकार है।

स्कॉर्पियस

शायद हम लोगों को पर्ची डालनी चाहिए–

ड्रेको

तुम पहल नहीं कर रहे हो, स्कॉर्पियस।

एल्बस

दरअसल —

जिनी

नहीं, किसी तरीक़े से नहीं। मैं सोचती हूँ कि तुम सब पगला गए हो। मैं जानती हूँ कि दिमाग़ के भीतर वह आवाज़ कैसी होती है। मैं उसे दोबारा कभी मेरे दिमाग़ के भीतर नहीं चाहूँगी —

हैरी

और वैसे भी – उसका भेस तो मुझे ही रखना होगा।

हर कोई हैरी की तरफ़ मुड़ता है।

ड्रेको

क्या?

हैरी

यह योजना तभी कामयाब होगी, जब उस लड़की को यह विश्वास हो जाएगा कि वह सचमुच वोल्डेमॉर्ट है, बिना किसी झिझक के। वह सर्पभाषा का इस्तेमाल करेगी – और मैं *जानता था* कि कोई कारण तो है कि मेरे पास वह योग्यता अब भी क्यों है। लेकिन उससे भी बढ़कर, मैं – जानता हूँ कि उसके जैसा – महसूस करना कैसा होता है। मैं जानता हूँ कि वह *बनना* क्या होता है। यह मुझे ही बनना होगा।

रॉन

बकवास। शब्द सुंदर हैं, लेकिन सुंदर बकवास। तुम यह काम किसी तरह से नहीं –

हर्माइनी

मुझे लगता है तुम सही कह रहे हो, मेरे पुराने दोस्त।

रॉन

हर्माइनी, तुम ग़लत हो। वोल्डेमॉर्ट बनना कोई हँसी–मज़ाक़ – हैरी को यह नहीं बनना –

जिनी

और मुझे अपने भाई की बात से सहमत होने में बड़ा अफ़सोस है, लेकिन...

रॉन

वह हमेशा के लिए – वोल्डेमॉर्ट के भेस में – अटका रह सकता है।

हर्माइनी

तुम्हारी चिंताएँ सही हैं, लेकिन...

हैरी

रुको, हर्माइनी। जिनी।

जिनी *और* हैरी *आँख मिलाते हैं।*

अगर तुम चाहती हो कि मैं यह न करूँ, तो मैं यह नहीं करूँगा। लेकिन ऐसा महसूस होता है कि यही एकमात्र तरीक़ा है। क्या मैं ग़लत हूँ?

जिनी एक पल के लिए सोचती है और फिर धीरे से सिर झुका देती है। हैरी का चेहरा सख़्त हो जाता है।

जिनी

तुम सही हो।

हैरी

तो चलो यह कर देते हैं।

ड्रेको

क्या हम यह बातचीत नहीं करेंगे कि तुम किस रास्ते से आने वाले हो –

हैरी

वह उसका इंतज़ार कर रही होगी। वह मेरे पास खुद आ जाएगी।

ड्रेको

और फिर क्या होगा? जब वह तुम्हारे साथ रहेगी? मैं तुम्हें याद दिला दूँ कि कि वह बहुत ताक़तवर जादूगरनी है।

रॉन

आसान है। वह उसे यहाँ लेकर आएगा और फिर हम मिलकर उसे 'दबोच' लेंगे।

ड्रेको

उसे 'दबोच' लेंगे?

हर्माइनी *कमरे में चारों ओर देखती है।*

हर्माइनी

हम इन दरवाज़ों के पीछे छिप जाएँगे। हैरी, अगर तुम इस बिंदु तक उसे ला सको *(वह उस बिंदु की तरफ़ इशारा करती है, जहाँ चर्च की रोज़ विंडो से प्रकाश फ़र्श पर पड़ता है),* तो हम बाहर निकलकर यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि उसके पास बचने का कोई मौका न रहे।

रॉन *(ड्रेको पर नज़र डालते हुए)*

और फिर हम उसे *दबोच* लेंगे।

हर्माइनी

हैरी, आख़िरी बार, क्या तुम्हें यक़ीन है कि तुम यह कर सकते हो?

हैरी

हाँ, मैं यह कर सकता हूँ।

ड्रेको

नहीं, बहुत सारे अगर–मगर हैं – बहुत सारी चीज़ें हैं जो गड़बड़ हो सकती हैं – भेसबदल ज़्यादा समय तक क़ायम नहीं रह सकता, हो सकता है कि वह असलियत भाँप ले – अगर वह हमसे इस वक़्त बच गई, तो पता नहीं कितना विनाश कर सकती है – हमें इसकी सही योजना बनाने के लिए समय चाहिए –

एल्बस

ड्रेको, मेरे डैडी पर भरोसा करो। वे हमें निराश नहीं करेंगे।

हैरी एल्बस को देखता है – *भावविव्हल।*

हर्माइनी

छड़ियाँ।

हर एक अपनी छड़ियाँ बाहर निकालता है। हैरी अपनी छड़ी पकड़ लेता है।

एक प्रकाश उभरता है – जो हावी हो जाता है। रूपांतरण धीमा और भयंकर होता है।

और हैरी में से वोल्डेमॉर्ट का आकार प्रकट होता है। और यह भीषण है। वह मुड़ता है। वह अपने मित्रों और परिवार पर नज़र डालता है। वे पलटकर देखते हैं – भयाक्रांत।

रॉन

बेड़ा गर्क हो।

हैरी/वोल्डेमॉर्ट

यानी, यह कारगर रहा?

जिनी *(गंभीरता से)*

हाँ। यह कारगर रहा।

अंक चार दृश्य ग्यारह

गॉडरिक्स हॉलो, चर्च, 1981

रॉन, हर्माइनी, ड्रेको, स्कॉर्पियस और एल्बस खिड़की पर खड़े होते हैं, बाहर देख रहे हैं। जिनी बाहर नहीं देख सकती। वह पीछे दूर बैठी है।

एल्बस ग़ौर करता है कि उसकी मम्मी अलग बैठी हैं। वह उनके पास चलकर जाता है।

एल्बस

सब ठीक हो जाएगा, मम्मी?

जिनी

मैं जानती हूँ। या मैं उम्मीद करती हूँ। मैं तो बस – मैं तो बस उन्हें इस रूप में नहीं देखना चाहती। मैं जिस शख़्स से प्यार करती हूँ, उसे उस आदमी में बदलते हुए नहीं देखना चाहती, जिससे मैं नफ़रत करती हूँ।

एल्बस *अपनी माँ के पास बैठ जाता है।*

एल्बस

मैं उसे पसंद करता था, मम्मी। आप जानती हो? मैं सचमुच उसे पसंद करता था। डेल्फ़ी को। और वह क्या थी – वोल्डेमॉर्ट की बेटी?

जिनी

एल्बस, वे लोग इसमें बहुत निपुण होते हैं – मासूमों को अपने जाल में फँसाने में।

एल्बस

यह सब मेरी गलती है।

जिनी एल्बस को अपनी बाँहों में भर लेती है।

जिनी

कितनी अजीब बात है। तुम्हारे डैडी सोचते हैं कि सारी गलती उनकी है। तुम दोनों की जोड़ी अजीब है।

स्कॉर्पियस उनकी बात में बाधा डालते हुए दरवाज़े से फुसफुसाता है।

स्कॉर्पियस

वह रही। वह रही। उसने देख लिया।

हर्माइनी

अपनी जगह पर। हर कोई। और याद रखना, बाहर मत निकलना, जब तक कि हैरी उसे रोशनी में न ले आए। हमारे पास बस एक मौका है, हम नहीं चाहते कि इसमें कोई गड़बड़ हो।

वे सभी तेज़ी से हिलते हैं।

ड्रेको

हर्माइनी ग्रेंजर, मुझ पर हर्माइनी ग्रेंजर हुक्म चला रही है। *(वह उसकी ओर मुड़ती है, वह मुस्कुराता है।)* और मैं इसका हल्का-हल्का आनंद लेने लगा हूँ।

स्कॉर्पियस

डैडी...

वे बिखर जाते हैं। वे दो बड़े दरवाज़ों के पीछे छिपते हैं।

हैरी/वोल्डेमॉर्ट चर्च में दोबारा दाख़िल होता है। वह कुछ क़दम चलता है और फिर मुड़ता है।

हैरी/वोल्डेमॉर्ट

जो भी जादूगर या जादूगरनी मेरे पीछे है, मैं तुम्हें चेतावनी देता हूँ, तुम्हें इस बात पर अफ़सोस होगा।

डेल्फ़ी उसके पीछे से प्रकट होती है। वह उसके प्रति खिंचाव महसूस करती है। वह उसका पिता है और यही वह पल है, जिसका इंतज़ार वह ज़िंदगी भर से कर रही थी।

डेल्फ़ी

लॉर्ड वोल्डेमॉर्ट। यह मैं हूँ। मैं आपका पीछा कर रही थी।

हैरी/वोल्डेमॉर्ट

मैं तुम्हें नहीं जानता। चली जाओ।

वह गहरी साँस लेती है।

डेल्फ़ी

मैं आपकी बेटी हूँ।

हैरी/वोल्डेमॉर्ट

अगर तुम मेरी बेटी होतीं, तो मुझे तुम्हारे बारे में पता होता।

डेल्फ़ी अनुनय भाव से उसकी ओर देखती है।

डेल्फ़ी

मैं भविष्य से आई हूँ। बेलाट्रिक्स लेस्ट्रेंज और आपकी संतान। मैं हॉगवर्ट्स के युद्ध से पहले मैल्फ़ॉय महल में पैदा हुई थी। एक ऐसा युद्ध, जिसमें आप हारने वाले हैं। मैं आपको बचाने आई हूँ।

हैरी/वोल्डेमॉर्ट मुड़ता है। वह उससे नज़रें मिलाती है।

बेलाट्रिक्स के वफादार पति रोडोल्फ़स लेस्ट्रेंज ने अज़्काबान से लौटने के बाद मुझे बताया कि मैं कौन हूँ और वह भविष्यवाणी भी बताई, जो उनके हिसाब से मैं पूरी करने वाली हूँ। मैं आपकी बेटी हूँ, महोदय।

हैरी/वोल्डेमॉर्ट

मैं बेलाट्रिक्स को जानता हूँ और तुम्हारे चेहरे में कुछ समानताएँ हैं – हालाँकि तुम्हें उसके सर्वश्रेष्ठ पहलू विरासत में नहीं मिले हैं। लेकिन बिना प्रमाण के...

डेल्फ़ी सर्पभाषा में उत्सुक अंदाज़ में बोलती है।

हैरी/वोल्डेमॉर्ट दुष्टतापूर्ण ढंग से हँसता है।

यह तुम्हारा सबूत है?

डेल्फ़ी बिना कोशिश के हवा में उठती है। हैरी/वोल्डेमॉर्ट पीछे हट जाता है – चकित।

डेल्फ़ी

मैं आप जैसे शैतानी शहंशाह की भविष्यपक्षी हूँ और आपकी सेवा करने के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने को तैयार हूँ।

हैरी / वोल्डेमॉर्ट *(अपने सदमे को न छिपाने की कोशिश करते हुए)*

तुमने मुझसे – उड़ना – सीखा?

डेल्फ़ी

मैंने आपके पदचिह्नों पर चलने की कोशिश की है।

हैरी / वोल्डेमॉर्ट

मैं पहले किसी ऐसे जादूगर या जादूगरनी से नहीं मिला, जिसने मेरे बराबर बनने की कोशिश की हो।

डेल्फ़ी

मुझे ग़लत न समझें – मैं आपके बराबर बनने का दावा नहीं कर रही हूँ, मालिक। लेकिन मैंने अपनी ज़िंदगी ऐसी बेटी बनने में लगा दी है, जिस पर आप गर्व कर सकें।

हैरी / वोल्डेमॉर्ट *(बात काटते हुए)*

मैं देख रहा हूँ कि तुम क्या हो और मैं यह भी देख रहा हूँ कि तुम क्या हो सकती हो। बेटी।

वह उसकी तरफ़ देखती है, बहुत ज़्यादा भावविह्वल।

डेल्फ़ी

डैडी?

हैरी / वोल्डेमॉर्ट

मिलकर हम कितनी शक्ति के मालिक हो सकते हैं।

डेल्फ़ी

डैडी...

हैरी / वोल्डेमॉर्ट

यहाँ रोशनी में आओ, ताकि मैं ग़ौर से तो देख लूँ कि मेरे ख़ून से क्या बना है।

डेल्फ़ी

आप जो करने जा रहे हैं, वह एक ग़लती है। हैरी पॉटर पर हमला करना एक ग़लती है। वह आपको नष्ट कर देगा।

हैरी / वोल्डेमॉर्ट का हाथ हैरी के हाथ में बदल जाता है। वह इसकी ओर आश्चर्य व निराशा के भाव से देखता है और फिर उसे तेज़ी से आस्तीन के भीतर खींच लेता है।

हैरी / वोल्डेमॉर्ट

वह अभी बच्चा है।

डेल्फ़ी

उसके पास उसकी माँ का प्यार है, आपका मंत्र पलट जाएगा, आपको नष्ट कर देगा और उसे बहुत शक्तिशाली तथा आपको बहुत कमज़ोर कर देगा। आप उबर आएँगे और अगले सत्रह साल उससे लड़ने में बिताएँगे – एक ऐसा युद्ध, जिसमें आप अंततः हार जाएँगे।

हैरी / वोल्डेमॉर्ट के बाल निकलने लगते हैं, वह इसे महसूस करता है, वह उन्हें ढँकने की कोशिश करता है। वह अपने सिर पर अपना कनटोपा खींच लेता है।

हैरी / वोल्डेमॉर्ट

तो फिर मैं उस पर हमला नहीं करूँगा। तुम सही कह रही हो।

डेल्फ़ी

डैडी?

हैरी / वोल्डेमॉर्ट सिकुड़ जाता है – अब वह वोल्डेमॉर्ट के बजाय हैरी जैसा ज़्यादा है। वह डेल्फ़ी की तरफ़ पीठ कर लेता है।

डैडी?

हैरी *(वोल्डेमॉर्ट जैसी आवाज़ में बोलने की बेतहाशा कोशिश करते हुए)*

तुम्हारी योजना अच्छी है। लड़ाई रद्द। तुमने मेरी अच्छी सेवा की है, अब यहाँ रोशनी में आओ, ताकि मैं तुम्हें ग़ौर से देख सकूँ।

डेल्फ़ी एक दरवाज़े को थोड़ा खुलते और फिर तेज़ी से बंद होते देखती है। उसकी त्योरी चढ़ जाती है, वह तेज़ी से सोचती है, उसकी शंका बढ़ जाती है।

डेल्फ़ी

डैडी...

वह उसके चेहरे की दोबारा एक झलक देखने की कोशिश करती है, लगभग एक तरह का नृत्य शुरू हो जाता है।

आप लॉर्ड वोल्डेमॉर्ट नहीं हो।

डेल्फ़ी अपने हाथ से एक मंत्र निकालती है। हैरी उसे टक्कर देता है।

प्रज्वलो!

हैरी

प्रज्वलो!

दोनों मंत्र कमरे के बीच में एक सुंदर विस्फोट में मिलते हैं। और अपने दूसरे हाथ से डेल्फ़ी दोनों दरवाज़ों को तालाबंद कर देती है, जबकि दूसरे उन्हें खोलने की कोशिश करते हैं।

डेल्फ़ी

पॉटर। तालाबंद!

हैरी दरवाज़ों की तरफ़ देखता है, निराशा से।

जिनी *(दूर से)*

उसने तुम्हारी तरफ़ से दरवाज़े बंद कर दिए हैं।

डेल्फ़ी

क्या? सोच रहे थे कि तुम्हारे दोस्त तुम्हारा साथ देने वाले हैं, है ना?

हर्माइनी *(दूर से)*

हैरी... हैरी...

हैरी

अच्छा। मैं तुमसे अकेला ही निबटूँगा।

वह उस पर दोबारा हमला करने के लिए हिलता है। लेकिन डेल्फ़ी ज़्यादा शक्तिशाली है। हैरी की छड़ी डेल्फ़ी की ओर तेज़ी से आ जाती है। वह निहत्था है। वह असहाय है।

तुमने कैसे...? तुम कौन हो?

डेल्फ़ी

हैरी पॉटर, मैंने तुम्हारे बारे में बहुत जानकारी हासिल की है। मैं तुम्हें अपने पिता से ज़्यादा अच्छी तरह जानती हूँ।

हैरी

तुम सोचती हो कि तुम्हें मेरी कमज़ोरियाँ पता चल गई हैं?

डेल्फ़ी

मैंने उनके लायक बनने के लिए अध्ययन किया है! हाँ, हालाँकि वे अब तक के महानतम जादूगर हैं, लेकिन उन्हें मुझ पर गर्व होगा। प्रहारो!

हैरी लुढ़कता है और फर्श पर पीछे विस्फोट होता है। वह चर्च की एक बेंच के नीचे व्यग्र अंदाज़ में रेंगता है और यह सोचता है कि वह उससे कैसे लड़ सकता है।

क्या तुम रेंगकर मुझसे दूर जा रहे हो? हैरी पॉटर। जादूगरों के संसार का नायक। किसी चूहे की तरह रेंग रहा है। उत्तिष्ठ भव!

चर्च की बेंच हवा में उठ जाती है।

सवाल यह है कि क्या मुझे तुम्हें मारने में अपना समय बर्बाद करना चाहिए, क्योंकि मैं जानती हूँ कि जैसे ही मैं अपने पिता को रोकूँगी, तुम्हारा विनाश अपने आप हो जाएगा। यह निर्णय कैसे करूँ? ओह, मैं बोर हो चुकी हूँ, मैं तुम्हें मार ही डालती हूँ।

वह बेंच को उसकी तरफ़ कसकर फेंकती है। धमाका होता है, जब हैरी वहशी अंदाज़ में दूर लुढ़कता है।

एल्बस फर्श की अँगीठी से प्रकट होता है, लेकिन दोनों में से किसी का ध्यान उसकी तरफ़• नहीं जाता है।

तत्क्षण—

एल्बस

डैडी...

हैरी

एल्बस! नहीं!

एल्बस हैरी की तरफ़ एक छड़ी उछालता है, हैरी इसे पकड़ लेता है, वह बहुत चकित है कि उसके बेटे ने कितना बड़ा जोखिम लिया।

डेल्फ़ी

तुम दोनों? विकल्प, विकल्प। मैं सोचती हूँ कि मैं पहले लड़के को मार दूँ। तत्क्षण मृत्यु!

वह एल्बस पर मारक शाप दागती है – लेकिन हैरी उसे रास्ते से दूर धकेल देता है। शाप ज़•मीन से टकराता है। वह पलटकर एक शाप दागता है।

तुम सोचते हो कि तुम मुझसे ज़्यादा ताकतवर हो?

हैरी

नहीं। मैं नहीं हूँ।

वे एक–दूसरे पर निर्ममता से प्रहार करते रहते हैं, फिर एल्बस तेज़ी से दूर लुढ़कता है और एक दरवाज़े में और फिर दूसरे दरवाज़े में मंत्र पढ़कर उन्हें खोलता है।

एल्बस

अलोहोमोरा!

हैरी

लेकिन हम हैं...

एल्बस

अलोहोमोरा!

हैरी

देखा, मैं कभी अकेले नहीं लड़ा हूँ। और कभी लडूँगा भी नहीं।

हर्माइनी, रॉन, जिनी व ड्रेको दरवाज़ों से प्रकट होते हैं और डेल्फ़ी पर अपने मंत्र दागते हैं, जो खीझ में चीख़ती है। यह असाधारण है। लेकिन वह उन सबसे नहीं लड़ सकती।

एक के बाद एक धमाके होते हैं – और फिर, पूरी तरह परास्त और तबाह डेल्फ़ी फ़र्श पर लुढ़क जाती है।

डेल्फ़ी

नहीं... नहीं...

हर्माइनी

शरीरबंधन!

डेल्फ़ी का पूरा शरीर बँध जाता है।

हैरी डेल्फ़ी की तरफ़ बढ़ता है। वह उससे नज़रें नहीं हटाता है। बाकी सब पीछे रुकते हैं।

हैरी

एल्बस, क्या तुम ठीक हो?

एल्बस

हाँ डैडी, मैं ठीक हूँ।

हैरी अब भी अपनी निगाह डेल्फ़ी से नहीं हटाता है। वह अब भी उससे घबरा रहा है।

हैरी

जिनी, कहीं वह घायल तो नहीं हुआ? मुझे पूरी तसल्ली चाहिए कि वह सुरक्षित है...

जिनी

उसी ने इस बात पर ज़ोर दिया था। सिर्फ़ वही इतना छोटा था कि अँगीठी में से रेंगकर जा सके। मैंने उसे रोकने की कोशिश की थी।

हैरी

मुझे बस इतना बता दो कि वह ठीक है।

एल्बस

मैं ठीक हूँ, डैडी। पक्का वादा।

हैरी डेल्फ़ी की तरफ़ आगे बढ़ता है।

हैरी

बहुत से लोगों ने मुझे नुक़सान पहुँचाने की कोशिश की है – लेकिन मेरे बेटे को! तुमने मेरे बेटे को नुक़सान पहुँचाने की जुर्रत की!

डेल्फ़ी

मैं तो बस अपने डैडी से मिलना चाहती थी।

ये शब्द हैरी को हैरान कर देते हैं।

हैरी

तुम अपना जीवन दोबारा नहीं बना सकतीं। तुम हमेशा अनाथ रहोगी। यही तुम्हारा नसीब है।

डेल्फ़ी

बस मुझे – उन्हें देख लेने दो।

हैरी

मैं न तो यह कर सकता हूँ, न ही करूँगा।

डेल्फ़ी *(सचमुच करुण स्वर में)*

तो फिर मुझे मार डालो।

हैरी पल भर को सोचता है।

हैरी

मैं यह भी नहीं कर सकता...

एल्बस

क्या? डैडी? वह ख़तरनाक है।

हैरी

नहीं, एल्बस...

एल्बस

लेकिन वह हत्यारी है – मैंने उसे हत्या करते हुए देखा है –

हैरी मुड़ता है और अपने बेटे और फिर जिनी की तरफ़ देखता है।

हैरी

हाँ। एल्बस, वह हत्यारी है, लेकिन हम नहीं हैं।

हर्माइनी

हमें उनसे बेहतर होना चाहिए।

रॉन

हाँ, यह चिढ़ाने वाली बात है, लेकिन हमने यही सीखा है।

डेल्फ़ी

मेरा दिमाग़ छीन लो। मेरी स्मृति छीन लो। मेरे दिल से यह मिटा दो कि मैं कौन हूँ।

रॉन

नहीं। हम तुम्हें वापस हमारे समय में ले चलेंगे।

हर्माइनी

और तुम अज़्काबान जाओगी। जैसे तुम्हारी माँ गई थी।

ड्रेको

जहाँ तुम सड़ोगी।

हैरी एक आवाज़ सुनता है। हिस्स की आवाज़।

और फिर मौत जैसी आवाज़ होती है – एक ऐसी आवाज़, जैसी हमने अब तक नहीं सुनी है।

हैऽऽऽऽरी पॉऽऽऽटऽऽर...

स्कॉर्पियस

यह क्या है?

हैरी

नहीं। नहीं। अभी नहीं।

एल्बस

क्या?

रॉन

वोल्डेमॉर्ट।

डेल्फ़ी

डैडी?

हर्माइनी

अभी? यहीं?

डेल्फ़ी

डैडी!

ड्रेको

चुप्पो! (डेल्फ़ी *का मुँह बंद हो जाता है*)। उत्तिष्ठ भव! *(उसे ऊपर की तरफ़ दूर भेज दिया जाता है।)*

हैरी

वह आ रहा है। वह इसी समय आ रहा है।

वोल्डेमॉर्ट मंच के पीछे से आता है और इसके पार जाता है और ऑडिटोरियम में आ जाता है। और हवा उस नफ़रत तथा डर से भर जाती है, जो वह फैलाता है। उसके साथ मौत चल रही है। और हर कोई यह जानता है।

अंक चार दृश्य बारह

गॉडरिक्स हॉलो, 1981

हैरी *असहाय होकर* वोल्डेमॉर्ट *के पीछे देखता है।*

हैरी

वोल्डेमॉर्ट मेरे मम्मी–डैडी को मारने वाला है और मैं उसे रोकने के लिए कुछ नहीं कर सकता।

ड्रेको

यह सच नहीं है।

स्कॉर्पियस

डैडी, अभी समय नहीं है...

एल्बस

कुछ है जो आप – उसे रोकने के लिए – कर सकते हैं। लेकिन आप करेंगे नहीं।

ड्रेको

यह वीरतापूर्ण है।

जिनी हैरी *का हाथ थाम लेती है।*

जिनी

तुम्हारा देखना ज़रूरी नहीं है, हैरी। हम घर चल सकते हैं।

हैरी

मैं इसे होने दे रहा हूँ... ज़ाहिर है मुझे देखना है।

हर्माइनी

तो फिर हम सभी इसे देखेंगे।

रॉन

हम सभी देखेंगे।

हमें अपरिचित आवाज़ें सुनाई देती हैं...

जेम्स *(दूर से)*

'लिली, हैरी को लेकर चली जाओ! वह आ गया है! जाओ! भागो! मैं उसे सँभालता हूँ ...

एक धमाका होता है और फिर एक हँसी।

तुम दूर रहो, समझे – तुम दूर रहो।

वोल्डेमॉर्ट *(दूर से)*

तत्क्षण मृत्यु!

हैरी *चिहुँक जाता है, जब ऑडिटोरियम में चारों ओर हरी रोशनी चमकती है।*

एल्बस *उसका हाथ थाम लेता है।* हैरी *इसे कसकर पकड़ लेता है। उसे इसकी ज़रूरत है।*

एल्बस

उन्होंने वह हर चीज़ की, जो वे कर सकते थे।

जिनी हैरी *के बग़ल में उठती है और उसका दूसरा हाथ थाम लेती है। वह उन पर टिक जाता है, अब वे उसे थामे हुए हैं।*

हैरी

वो मेरी मम्मी हैं, खिड़की पर। मैं अपनी मम्मी को देख सकता हूँ, वे सुंदर दिखती हैं।

धमाकों की आवाज़ आती है, जब दरवाज़े उखाड़े जाते हैं।

लिली *(दूर से)*

हैरी को नहीं, हैरी को नहीं, मेहरबानी करके हैरी को नहीं...

वोल्डेमॉर्ट *(दूर से)*

दूर हटो, मूर्ख औरत ... दूर हटो, इसी समय ...

लिली *(दूर से)*

हैरी को नहीं, रहम करो, उसकी जगह मुझे ले लो, उसके बदले मुझे मार डालो ...

वोल्डेमॉर्ट *(दूर से)*

यह मेरी आखिरी चेतावनी है–

लिली *(दूर से)*

'हैरी को नहीं! मेहरबानी... रहम करो ... रहम करो ... मेरे बेटे को नहीं! मेहरबानी करके – मैं कुछ भी करने को तैयार हूँ।

वोल्डेमॉर्ट *(दूर से)*

तत्क्षण मृत्यु!

और हैरी के शरीर से जैसे बिजली कौंध जाती है। वह फ़र्श पर गिर जाता है, दुख की जीती–जागती मूर्ति।

और एक दबी हुई चीख़ जैसी आवाज़ हमारे चारों ओर उतरती–चढ़ती है।

और हम बस देखते हैं।

और धीरे–धीरे, जो वहाँ था, अब नहीं रहता है।

और मंच रूप बदलता है तथा घूमता है।

और हैरी और उसका परिवार तथा मित्र घूमते हुए दूर चले जाते हैं।

अंक चार **दृश्य तेरह**

गॉडरिक्स हॉलो, जेम्स और लिली पॉटर का घर, 1981

हम एक टूटे–फूटे मकान के जलते हुए अवशेषों में हैं। वह मकान जिस पर ख़तरनाक हमला हुआ है।

हैग्रिड इसमें प्रकट होता है और अवशेषों में चलता है।

हैग्रिड

जेम्स?

वह चारों तरफ़ देखता है।

लिली?

वह धीरे–धीरे चलता है, बहुत जल्दी बहुत ज़्यादा देखना नहीं चाहता। वह पूरी तरह से भावविह्वल है।

और फिर वह उन्हें देख लेता है और वह रुक जाता है, और वह कुछ नहीं कहता।

और हम देखते हैं, जब दर्द उसके चेहरे पर बढ़ता है।

ओह। ओह। यह नहीं – यह नहीं – हम नहीं... उन्होंने हमें बताया था, लेकिन – हम तो उम्मीद कर रहे थे कि हालात बेहतर होंगे...

वह उन्हें देखता है, जैसे यह विश्वास न करना चाहता हो कि यह सच है, और फिर अपना सिर झुका लेता है। वह कुछ शब्द बुदबुदाता है और अपनी गहरी जेबों से कुछ कुचले हुए फूल लेता है और उन्हें फ़र्श पर रख देता है।

हमें अफसोस है, उन्होंने हमें बताया था, डम्बलडोर ने हमें बताया था, हम तुम्हारे साथ इंतजार नहीं कर सकते। वे मगलू आ रहे हैं, अपनी साइरन वाली बत्तियाँ लेकर और वे हम जैसे भीमकाय आदमी को पसंद नहीं करेंगे, है ना?

वह सुबकी छोड़ता है।

तुम्हें छोड़ना मुश्किल है। हम चाहते हैं कि तुम यह जान लो – तुम्हें भुलाया नहीं जाएगा – न हमारे द्वारा – न ही किसी के द्वारा।

और फिर वह एक आवाज सुनता है – एक शिशु की नाक की सुड़सुड़ की आवाज। हैग्रिड उसकी ओर मुड़ता है, अब ज्यादा तेज़ी से चलते हुए।

वह नीचे देखता है और बच्चे के पालने के ऊपर खड़ा होता है, जिसमें से रोशनी निकलती दिखती है।

ओह। हलो। तुम शायद हैरी हो। हलो, हैरी पॉटर। हम रूबियस हैग्रिड हैं। और हम तुम्हारे दोस्त बनेंगे, चाहे तुम्हें यह पसंद हो या न हो। क्योंकि तुम पर मुसीबत आई है, वैसे तुम्हें अभी यह मालूम नहीं है। और तुम्हें दोस्तों की ज़रूरत होगी। अब बेहतर यही होगा कि तुम हमारे साथ चलो, क्या तुम ऐसा नहीं सोचते?

जब चौंधियाती नीली रोशनियाँ कमरे को भर देती हैं और इसे लगभग अलौकिक चमक प्रदान करती हैं, तो वह हैरी को हौले से अपनी बाँहों में उठाता है।

और फिर – बिना पीछे देखे – वह मकान से दूर तेज़ी से चल देता है।

और हम हल्के अंधकार में डूब जाते हैं।

अंक चार दृश्य चौदह

हॉगवर्ट्स, क्लासरूम

स्कॉर्पियस और एल्बस एक कमरे में दौड़ते हैं, रोमांच से भरे। वे अपने पीछे दरवाज़े को धड़ाम से बंद कर देते हैं।

स्कॉर्पियस

मुझे यक़ीन नहीं हो रहा है कि मैंने यह किया।

एल्बस

मैं भी यक़ीन नहीं कर सकता कि तुमने यह किया।

स्कॉर्पियस

रोज़ ग्रेंजर–वीज़्ली। मैंने रोज़ ग्रेंजर–वीज़्ली से डेटिंग के लिए पूछा।

एल्बस

और उसने नहीं कह दिया।

स्कॉर्पियस

लेकिन मैंने उससे पूछा तो सही। मैंने बीज बो दिया है। वह बीज, जो अंततः हमारी शादी में बदल जाएगा।

एल्बस

तुम जानते हो, तुम बहुत सपने देखते हो।

स्कॉर्पियस

तुम्हारी बात सही है – सिर्फ पॉली चैपमैन ने मुझसे स्कूल बॉल में चलने को पूछा था...

एल्बस

एक वैकल्पिक वास्तविकता में जहाँ तुम महत्वपूर्ण रूप से – सचमुच महत्वपूर्ण रूप से, ज़्यादा लोकप्रिय थे – एक अलग लड़की ने तुमसे चलने को पूछा – और इसका मतलब है –

स्कॉर्पियस

और हाँ, तर्क की बात तो यह है कि मुझे पॉली का पीछा करना चाहिए – या उसे अपना पीछा करने देना चाहिए – आख़िर वह कुख्यात सुंदरी है – लेकिन रोज़ तो रोज़ है।

एल्बस

तुम जानते हो, तर्क की बात तो यह भी है कि तुम सिरफिरे हो? रोज तुमसे नफ़रत करती है।

स्कॉर्पियस

सुधार करना चाहूँगा, वह मुझसे नफ़रत करती थी, लेकिन जब मैंने उससे पूछा, तो तुमने उसकी आँखों का भाव देखा? यह नफ़रत नहीं, तरस था।

एल्बस

और तरस अच्छा होता है?

स्कॉर्पियस

तरस तो शुरुआत है मेरे दोस्त, एक नींव है जिस पर महल बनाना है – प्यार का महल।

एल्बस

मैंने ईमानदारी से सोचा था कि हम दोनों में गर्लफ़्रेंड मुझे पहले मिलेगी।

स्कॉर्पियस

ओह, तुम्हें मिल जाएगी, बेशक, शायद वह नई धुएँदार आँखों वाली काढ़े की प्रोफ़ेसर – वह तुम्हारे लिए पर्याप्त बड़ी है, है ना?

एल्बस

ज़्यादा बड़ी औरतों में मेरी कोई रुचि नहीं है!

स्कॉर्पियस

और तुम्हारे पास उसे बहकाने के लिए समय है – बहुत सा समय है। क्योंकि रोज़ को राज़ी करने में मुझे बरसों लग जाएँगे।

एल्बस

मैं तुम्हारे आत्मविश्वास की दाद देता हूँ।

रोज़ सीढ़ियों पर उनके पास आती है, वह उन दोनों को देखती है।

रोज़

हाय।

किसी लड़के को नहीं पता कि कैसे जवाब दें – वह स्कॉर्पियस को देखती है।

रोज़

यह अजीब तभी होगा, अगर तुम इसे अजीब होने दोगे।

स्कॉर्पियस

सुना और पूरी तरह से समझ लिया।

रोज़

ठीक है। 'स्कॉर्पियन किंग।'

वह चेहरे पर मुस्कान के साथ दूर जाती है। स्कॉर्पियस और एल्बस एक–दूसरे को देखते हैं। एल्बस मुस्कुराता है और स्कॉर्पियस की बाँह पर मुक्का मारता है।

एल्बस

शायद तुम सही हो – तरस एक शुरुआत है।

स्कॉर्पियस

क्या तुम क्विडिच देखने जा रहे हो? नागशक्ति का मैच मेहनतकश से हो रहा है – यह बड़ा मैच है –

एल्बस

मैं तो सोचता था कि हम क्विडिच से नफ़रत करते थे?

स्कॉर्पियस

लोग बदल सकते हैं। इसके अलावा, मैं अभ्यास कर रहा हूँ। मैं सोचता हूँ कि मैं इस साल टीम में शामिल हो सकता हूँ। चलो।

एल्बस

मैं नहीं चल सकता। मेरे डैडी आने वाले हैं –

स्कॉर्पियस

वे मंत्रालय का काम छोड़कर आ रहे हैं?

एल्बस

वे पैदल घूमना चाहते हैं – मुझे कुछ दिखाना चाहते हैं – मुझे कुछ बताना चाहते हैं।

स्कॉर्पियस

पैदल सैर?

एल्बस

मैं जानता हूँ, मैं सोचता हूँ कि यह बंधन जोड़ने वाली या ऐसी ही कोई बुरी चीज़ है। लेकिन देखो, मैं सोचता हूँ कि मैं जाऊँगा।

स्कॉर्पियस *बढ़ता है और* एल्बस *को गले लगा लेता है।*

यह क्या है? मेरे ख़्याल से हमने निर्णय लिया था कि हम गले नही मिलेंगे।

स्कॉर्पियस

मुझे पक्का नहीं था। कि क्या हमें गले मिलना चाहिए। हमारे इस नए संस्करण में, जो मेरे दिमाग़ में था।

एल्बस

बेहतर होगा, रोज़ से पूछ लो कि क्या यह करना सही है।

स्कॉर्पियस

हा! हाँ। सही कहा।

दोनों लड़के अलग होते हैं और एक–दूसरे की तरफ़ देखकर मुस्कुराते हैं।

एल्बस

तुमसे डिनर पर मिलता हूँ।

अंक चार दृश्य पंद्रह

सुंदर पहाड़ी

हैरी *और* एल्बस *गर्मी के सुंदर दिन एक पहाड़ी पर चढ़ते हैं।*

वे कुछ नहीं कहते हैं, बस चढ़ते समय अपने चेहरे पर पड़ रही धूप का आनंद लेते हैं।

हैरी

तो क्या तुम तैयार हो?

एल्बस

किसके लिए?

हैरी

देखो, चौथे साल की परीक्षाएँ हैं – और फिर पाँचवाँ साल – बड़ा साल – मेरे पाँचवें साल में मैंने क्या–क्या किया था –

वह एल्बस *को देखता है। वह मुस्कुराता है। वह तेजी से बोलता है।*

मैंने बहुत कुछ किया था। इसमें से कुछ अच्छा था। कुछ बुरा था। बहुत सारा काफ़ी दुविधापूर्ण था।

एल्बस

जानकर अच्छा लगा।

हैरी *मुस्कुराता है।*

मुझे उन्हें देखने का मौक़ा मिला – आप जानते हो – थोड़ी देर के लिए – आपके मम्मी–डैडी को। वे – आप लोग मिलकर खुश थे। आपके डैडी आपके साथ धुएँ के छल्ले वाली चीज़ करना

पसंद करते थे, जहाँ आप... देखिए, आप खिलखिलाना नहीं रोक पाते थे।

हैरी

अच्छा?

एल्बस

मैं सोचता हूँ कि आप उन्हें पसंद करते। और मैं सोचता हूँ कि मैं भी उन्हें पसंद करता।

हैरी सिर हिलाता है। थोड़ी असहज ख़ामोशी रहती है। दोनों एक-दूसरे के क़रीब पहुँचने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन दोनों नाकाम हो रहे हैं।

हैरी

तुम जानते हो, मैंने सोचा था कि मैं उससे आज़ाद हो गया हूँ – वोल्डेमॉर्ट से – मैंने सोचा था कि मैं उससे आज़ाद हो गया हूँ – लेकिन फिर मेरा निशान दोबारा दुखने लगा और मुझे उसके सपने आने लगे और मैं एक बार फिर सर्पभाषा बोल सकता था और मुझे यह महसूस हुआ मानो मैं ज़रा भी नहीं बदला था – कि वह मुझ पर अपनी पकड़ कभी ढीली नहीं करेगा –

एल्बस

और क्या ऐसा हुआ?

हैरी

मेरा जो हिस्सा वोल्डेमॉर्ट था, वह बहुत समय पहले मर गया था, लेकिन उससे सिर्फ़ शारीरिक दृष्टि से छुटकारा पाना ही काफ़ी नहीं था – मुझे उससे मानसिक दृष्टि से भी छुटकारा पाना था। और – चालीस साल के आदमी के लिए यह सीखना बहुत मुश्किल होता है।

वह एल्बस को देखता है।

मैंने तुमसे जो कहा था – वह अक्षम्य था और मैं तुमसे यह नहीं कह सकता कि तुम इसे भूल जाओ, लेकिन मैं आशा कर सकता हूँ कि हम इससे आगे बढ़ जाएँगे।

मैं तुम्हारा बेहतर डैडी होने की कोशिश करूँगा, एल्बस। मैं कोशिश करने वाला हूँ – तुम्हारे साथ ईमानदार बनूँगा और...

एल्बस

डैडी, आपको ज़रूरत नहीं है –

हैरी

तुमने मुझसे कहा था कि तुम यह नहीं सोचते कि मुझे किसी चीज़ से डर लगता है और – मेरा मतलब है मुझे हर चीज़ से डर लगता है। मेरा मतलब है, मुझे अँधेरे से डर लगता है, क्या तुम्हें यह बात पता थी?

एल्बस

हैरी पॉटर को अँधेरे से डर लगता है?

हैरी

मुझे छोटी जगहें भी पसंद नहीं हैं और – मैंने यह कभी किसी को नहीं बताया, लेकिन मैं – *(वह इसे कहने से पहले झिझकता है)* कबूतरों को ज़्यादा पसंद नहीं करता हूँ।

एल्बस

आप कबूतरों को पसंद नहीं करते?

हैरी *(वह अपने चेहरे को सिकोड़ता है)*

घटिया, चोंच मारने वाले, गंदे पक्षी। उनसे मेरे रोंगटे खड़े हो जाते हैं।

एल्बस

लेकिन कबूतर तो हानिरहित होते हैं!

हैरी

मैं जानता हूँ। लेकिन एल्बस सीवियरस पॉटर, जिस चीज़ से मुझे सबसे ज़्यादा डर लगता है, वह है तुम्हारा डैडी होना। क्योंकि यहाँ मैं बगैर किसी नींव के काम कर रहा हूँ। ज़्यादातर लोगों के पास कम से कम एक डैडी होता है, जिसके आधार पर वे काम कर सकते हैं – और जिसके जैसा बनने या न बनने की वे कोशिश कर सकते हैं। मेरे पास कुछ नहीं है – या बहुत कम है। इसलिए मैं सीख रहा हूँ, ठीक है? और मैं अपनी पूरी ताक़त से कोशिश करने वाला हूँ – ताकि तुम्हारा अच्छा डैडी बन सकूँ।

एल्बस

और मैं बेहतर बेटा बनने की कोशिश करूँगा। मैं जेम्स नहीं हूँ डैडी, और मैं आप दोनों जैसा कभी नहीं बन पाऊँगा –

हैरी

जेम्स मेरे जैसा कतई नहीं है।

एल्बस

ऐसा क्या?

हैरी

जेम्स के पास हर चीज़ आसानी से आ जाती है। मेरा बचपन एक निरंतर संघर्ष था।

एल्बस

मेरा भी। तो आप यह कह रहे हैं कि – क्या मैं – आपके जैसा हूँ?

हैरी एल्बस *की तरफ़ देखकर मुस्कुराता है।*

हैरी

दरअसल तुम अपनी माँ जैसे ज़्यादा हो – बहादुर, खूँख़ार, मज़ेदार – जिसे मैं पसंद करता हूँ – जिससे मैं सोचता हूँ कि तुम बेहतरीन बेटे बन जाते हो।

एल्बस

मैंने संसार को लगभग नष्ट कर दिया था।

हैरी

डेल्फ़ी कहीं नहीं जा रही थी, एल्बस – तुम उसे बाहर निकालकर रोशनी में लाए और तुमने एक ऐसा तरीक़ा खोजा, जिससे हम उससे लड़ सकें। हो सकता है कि तुम इसे अभी न देख पाओ, लेकिन तुमने हमें बचा लिया।

एल्बस

लेकिन क्या मुझे बेहतर नहीं करना चाहिए था?

हैरी

तुम नहीं सोचते कि यही सवाल मैं खुद से पूछता हूँ?

एल्बस *(उसका दिल और डूब जाता है, वह जानता है कि उसके डैडी यह कभी नहीं करते)*

और फिर – जब हमने उसे पकड़ा – मैं उसे जान से मारना चाहता था।

हैरी

तुमने उसे क्रेग की हत्या करते देखा था, तुम नाराज़ थे एल्बस, और यह ठीक है। लेकिन तुम ऐसा नहीं करते।

एल्बस

आप यह कैसे जानते हैं? शायद यह मेरा नागशक्ति वाला पहलू है। शायद चुनने वाली टोपी ने मुझमें यही देखा था।

हैरी

मैं तुम्हारे दिमाग़ को नहीं समझता हूँ, एल्बस – दरअसल तुम एक किशोर हो, मुझे तुम्हारा दिमाग़ समझ में आना भी नहीं चाहिए, लेकिन मैं तुम्हारे दिल को समझता हूँ। मैं – लंबे समय से – नहीं जानता था – लेकिन इस 'कारनामे' को धन्यवाद – मैं जान गया हूँ कि तुम्हारे पास वहाँ क्या है। नागशक्ति, गरुड़द्वार, तुम्हें चाहे जो ठप्पा दिया गया है – मैं जानता हूँ – जानता हूँ – कि तुम्हारा दिल अच्छा है – हाँ, तुम इसे चाहे पसंद करो या न करो, तुम एक बेहतरीन जादूगर बनने की राह पर हो।

एल्बस

ओह, मैं जादूगर बनने की राह पर नहीं जा रहा हूँ, मैं तो कबूतर दौड़ में जा रहा हूँ। मैं इस बारे में बहुत रोमांचित हूँ।

हैरी *मुस्कुराता है।*

हैरी

तुम्हारे जो नाम हैं – वे बोझ नहीं होने चाहिए। तुम जानते हो, एल्बस डम्बलडोर की भी अपनी मुश्किलें थीं – और सीवियरस स्नेप, तुम उनके बारे में सब कुछ जानते हो –

एल्बस

वे अच्छे इंसान थे।

हैरी

वे महान इंसान थे, जिनमें भारी दोष थे और तुम जानते हो – उन दोषों की बदौलत वे ज़्यादा महान बने।

एल्बस अपने आस–पास देखता है।

एल्बस

डैडी? हम यहाँ क्यों आए हैं?

हैरी

मैं यहाँ अक्सर आता हूँ।

एल्बस

लेकिन यह तो क़ब्रिस्तान है...

हैरी

और यह सेडरिक की क़ब्र है...

एल्बस

डैडी?

हैरी

वह लड़का जो मारा गया – क्रेग बाउकर – तुम उसे कितनी अच्छी तरह जानते थे?

एल्बस

ज़्यादा अच्छी तरह नहीं।

हैरी

मैं भी सेडरिक को ज़्यादा अच्छी तरह नहीं जानता था। वह इंग्लैंड के लिए क्विडिच खेल सकता था। या होनहार ऑरर बन सकता था। वह कुछ भी बन सकता था। और एमॉस ने सही कहा था – उसे चुरा लिया गया। इसलिए मैं यहाँ आता हूँ। बस सॉरी कहने के लिए। जब भी मैं कर सकता हूँ।

एल्बस

यह – एक अच्छी चीज़ है।

एल्बस सेडरिक की क़ब्र के सामने अपने डैडी के क़रीब आता है। हैरी अपने बेटे को देखकर मुस्कुराता है और फिर आसमान की तरफ़ देखता है।

हैरी

मैं सोचता हूँ कि यह अच्छा दिन होने वाला है।

वह अपने बेटे का कंधा छूता है। और वे दोनों – बस ज़रा सा – पिघलकर एक हो जाते हैं।

एल्बस *(मुस्कुराता है)*

मैं भी ऐसा ही सोचता हूँ।

THE END